Dainik DEVVRAT

दैनिक

देवव्रत

www.dainikdevvrat.in

आजमगढ़, उ.प्र.
वर्ष 36, अंक 256
पृष्ठ 08, मूल्य 3.00
14 जून 2026, रविवार

लखनऊ, नई दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र (रार्बट्सगंज, अनपरा, शक्तिनगर), सिंगरौली, मिर्जापुर, अयोध्या, गोरखपुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर एवं आजमगढ़ से प्रसारित

E-mail : dainikdevvrat@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

राम मंदिर चढ़ावा चोरी : गोबर में छिपा कर रखा 10 लाख रूपये बरामद

दो और ट्रस्ट कर्मियों से पूछताछ में करोड़ों की जमीन खरीद और नकदी बरामदगी से गहराया संदेह

अयोध्या, 13 जून (देवव्रत संवाद)। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी की जांच में शनिवार को बड़ा मोड़ आ गया। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दायरे में आए ट्रस्ट कर्मी लवकुश मिश्रा के घर से लगभग 10 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं, जिन्हें कथित तौर पर गोबर के ढेर में छिपाकर रखा गया था। इस खुलासे के बाद जांच एजेंसियों का संदेह और गहरा गया है तथा पूरे मामले की परतें तेजी से खुलती दिखाई दे रही हैं।

सूत्रों के मुताबिक, मंदिर की दानराशि में कथित हेराफेरी के मामले में दो और कर्मचारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इनमें लवकुश मिश्रा के अलावा गर्भगृह में सेवाएं देने वाले एक अन्य कर्मचारी सेवारत तिवारी का नाम भी सामने आ रहा है। जांच एजेंसियां इन कर्मचारियों की आय और संपत्तियों का मिलान कर रही हैं।

जांच से जुड़े सूत्रों का कहना है कि लवकुश मिश्रा के घर से मिली नकदी सामान्य स्थान पर न रखकर गोबर में छिपाई गई थी। इस तथ्य ने जांचकर्ताओं के सामने कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि नकदी वैध थी तो उसे इस तरह छिपाने की जरूरत क्यों पड़ी? जांच एजेंसियां अब बरामद राशि के स्रोत और उसके संभावित संबंधों की पड़ताल कर रही हैं।

मामले की जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि कुछ कर्मचारियों ने हाल के वर्षों में महंगी जमीन और संपत्तियां खरीदी हैं। सूत्रों के अनुसार, एक कर्मचारी ने लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की जमीन खरीदी है, जबकि दूसरे ने करीब 40 लाख रुपये का भूखंड लेकर मकान निर्माण शुरू कराया है। 18 से 20 हजार रुपये मासिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों की इन संपत्तियों ने जांच एजेंसियों का ध्यान खींचा है।

जांच का फोकस अब दानराशि गणना कक्ष की व्यवस्था पर भी है। सूत्रों के अनुसार, नकदी गिनती वाले कक्ष में CCTV कैमरे लगाने का विरोध ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने किया था। अब यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि आखिर ऐसी संवेदनशील व्यवस्था में निगरानी तंत्र का विरोध क्यों किया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि संदेह के घेरे में आए अधिकांश कर्मचारी और अधिकारी दानराशि की गणना के दौरान एक ही शिफ्ट में कार्यरत थे। इससे संगठित तरीके से गड़बड़ी किए जाने की आशंका को बल मिला है। जांच एजेंसियां पूरे नेटवर्क की भूमिका खंगाल रही हैं। इस बीच पूरे प्रकरण की ब्ठप् जांच और CAG ऑडिट की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, CBI, CAG और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को पक्षकार बनाया गया है। राम मंदिर जैसे देश की सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आस्था केंद्र से जुड़े इस मामले में अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि गोबर में छिपे 10 लाख रुपये, करोड़ों की संपत्तियों और लगातार सामने आ रहे आरोपों के बावजूद अब तक FIR क्यों नहीं दर्ज हुई? श्रद्धालुओं और आमजन की निगाह अब जांच एजेंसियों की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

जांच के लिए SIT गठित, सचिव वित्त, मंडलायुक्त लखनऊ व आईजी रेंज लखनऊ करेंगे जांच

लखनऊ, 13 जून (देवव्रत संवाद)। श्रीराम मंदिर के चंदे की राशि में गबन के मामले को अब शासन ने संज्ञान में लिया है। शासन ने शनिवार को तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की है। एसआईटी में विशेष सचिव वित्त, मंडलायुक्त लखनऊ व आईजी रेंज लखनऊ शामिल हैं। एसआईटी पहले सात दिन में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट शासन को सौंपेगी और 15 दिन बाद फाइनल रिपोर्ट देगी।

करीब एक सप्ताह पहले चंदे की राशि में गबन करने का मामला सामने आया था। तब से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट गोपनीय तरीके से जांच कर रही है। आधिकारिक तौर पर पुलिस का हस्ताक्षेप नहीं है। लेकिन पुलिस की मदद से ट्रस्ट के पदाधिकारी संदिग्धों से पूछताछ कर रकम की रिकवरी में जुटे हैं। अब ट्रस्ट ने कोई बयान आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया है। इस बीच शनिवार को ट्रस्ट की तरफ से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले की जांच एसआईटी से करवाने की मांग की थी। देर शाम शासन ने एसआईटी गठित कर दी। जिसमें विशेष सचिव वित्त नील रतन, मंडलयुक्त लखनऊ विजय विश्वास पंत और आईजी रेंज लखनऊ आईपीएस किरन एस शामिल हैं।

एसआईटी को प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सात दिन में शासन को सौंपना है। इसलिए जांच तेजी से होगी। रविवार को एसआईटी अयोध्या आ सकती है। एसआईटी पकड़े गए संदिग्धों से पूछताछ कर अब तक जुटाए गए साक्ष्यों को भी कब्जे में लेगी। वहीं ट्रस्ट के जिम्मेदारों से भी मामले की जानकारी हासिल करेगी।

ट्रस्ट ने भी किया जांच की मांग

अयोध्या, 13 जून (देवव्रत संवाद)। अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए दान (कैश, सोना और चांदी) में बड़े पैमाने पर हेराफेरी और गबन के आरोपों को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में अब दो बड़े घटनाक्रम सामने आए हैं। एक तरफ जहां राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले की उच्च स्तरीय और एसआईटी जांच कराने की मांग की है।

साढ़े तीन लाख शिक्षक और कर्मचारियों को कैशलेस इलाज देने की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ, 13 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।

प्रदेश के शिक्षकों और शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों के लिए बड़ी सुविधा देने की तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शुरू करने जा रही है। योजना के तहत पात्र शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके लिए बनाए गए ऑनलाइन पोर्टल का बीटा वर्जन फिलहाल परीक्षण के दौर से गुजर रहा है। स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज़) की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि योजना के औपचारिक शुभारंभ से पहले विभाग पात्र कर्मचारियों का डेटा एकत्र करने और उसे त्रुटिरहित बनाने में जुटी है। पूर्व में कई मामलों में उपलब्ध कराए गए रिकॉर्ड में नाम, जन्मतिथि, आधार अथवा पारिवारिक विवरण में अंतर होने के कारण कार्ड जारी होने की प्रक्रिया प्रभावित होती थी। ऐसे मामलों में आवेदन लंबित रह जाते थे। इसी समस्या को दूर करने के लिए इस बार डेटा सैनेटाइजेशन पर विशेष जोर दिया गया है।

साचीज़ द्वारा विकसित डेटा कलेक्शन पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों और उनके आश्रितों का विवरण एकरूप प्रारूप में जुटाया जा रहा है। अब तक 3.5 लाख से अधिक पात्र कर्मचारियों का डेटा संकलित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि डेटा शुद्ध होने से कार्ड निर्गत करने की प्रक्रिया तेज होगी और अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सकेगा। योजना के तहत जारी होने वाले मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड के माध्यम से लाभार्थी सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में उपचार करा सकेंगे। इलाज का खर्च निर्धारित सीमा तक सीधे योजना के माध्यम से वहन किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों को गंभीर बीमारी या आकस्मिक चिकित्सा खर्च के समय आर्थिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रभु श्रीराम ने भ्रष्टाचारियों को किया बेनकाब पकड़े गए चढ़ावा में घोटाला करने वाले-अखिलेश

भाजपा के पापों का हिसाब जनता और भगवान दोनों रख रहे हैं

मैनपुरी, 13 जून (देवव्रत संवाद)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश और देश में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और प्रशासनिक अराजकता चरम पर है। उन्होंने राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में चल रहे भ्रष्टाचार को अब स्वयं प्रभु श्रीराम ने उजागर कर दिया है।

अखिलेश यादव ने कहा, ष्भाजपा ने जो पाप किए हैं, उन्हें भगवान देख रहे हैं। प्रभु श्रीराम की कृपा देखिए, चढ़ावे में घोटाला करने वाले पकड़े जा रहे हैं। आस्था के नाम पर राजनीति करने वालों का असली चेहरा अब जनता के सामने आ रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट का ऐसा तंत्र खड़ा हो गया है, जिससे कोई क्षेत्र अछूता नहीं बचा। जनता की आस्था से जुड़े धार्मिक संस्थानों तक पर सवाल खड़े हो रहे हैं और सरकार जवाब देने की बजाय मामले दबाने में लगी है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है। किसान खाद के लिए भटक रहे हैं, नौजवान रोजगार के लिए परेशान हैं और सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है। उन्होंने कहा, ष्रुपया लगातार नीचे जा रहा है, डॉलर महंगा होता जा रहा है। भाजपा की गलत आर्थिक नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। महंगाई और भ्रष्टाचार ने डबल इंजन सरकार का धुआं निकाल दिया है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को धोखा दिया। शहरों की हालत जस की तस है, लेकिन स्मार्ट मीटर लगाकर बिजली के बिल बढ़ा दिए गए। उन्होंने कहा, जनता ने स्मार्ट मीटर उखाड़कर फेंक दिए क्योंकि लोग समझ गए कि यह सुविधा नहीं, वसूली का नया हथियार है। भाजपा पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमे लगाना, एजेंसियों का दुरुपयोग करना और राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करना भाजपा की कार्यशैली बन चुकी है। उन्होंने कहा, ष्भाजपा लोकतंत्र से बेईमानी करती है। विरोधियों को डराने और दबाने के लिए सत्ता का इस्तेमाल करती है। राजनीतिक शिष्टाचार और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को भाजपा ने पूरी तरह खत्म कर दिया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पूज्य शंकराचार्य तक सम्मान और गरिमा से वंचित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महिला आरक्षण को लागू करने में भी टालमटोल कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) और महिलाओं को व्यापक भागीदारी दी जाएगी तथा सामाजिक न्याय की अवधारणा को मजबूती मिलेगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अन्याय, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने दावा किया कि जनता के भीतर भारी नाराजगी है और आने वाले चुनावों में इसका जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा, जनता भी देख रही है और भगवान भी। सत्ता के अहंकार में डूबी भाजपा को अपने कर्मों का हिसाब देना पड़ेगा।

अभिषेक बनर्जी के घर ताला तोड़कर घुसी बंगाल पुलिस

कोलकाता, 13 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)। तृणमूल कांग्रेस (TMC) के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित कालीघाट (पटुआपारा) आवास पर पुलिस ने शनिवार सुबह–सुबह छापेमारी की। इस कार्रवाई के बाद राज्य में एक बार फिर सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच राजनीतिक टकराव चरम पर पहुंच गया है। स्थानीय सूत्रों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार तड़के करीब 3.00 बजे पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबोनी थाना पुलिस की एक टीम, कोलकाता पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ अभिषेक बनर्जी के आवास पर पहुंची। पूरी कार्रवाई के दौरान सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी थी, जबकि स्थानीय कालीघाट और भवानीपुर थाने के जवान इस अभियान में सहयोग कर रहे थे। इस टीम में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थीं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने घर के दरवाजे पर कई बार दस्तक दी, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों ने जबरन घर का ताला तोड़ा और तलाशी लेने के लिए अंदर दाखिल हुए। इस घटनाक्रम की सूचना पाकर पूर्व सीएम और अभिषेक की बुआ ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं और आपत्ति जताई। छापेमारी के बाद घर से बाहर निकलते हुए खुद सांसद अभिषेक बनर्जी ने मीडिया से कहा कि उन्होंने (पुलिस ने) ताला तोड़ा और पूरे घर की तलाशी ली। इस कार्रवाई की खबर मिलते ही टीएमसी सुप्रीमो और राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तुरंत अभिषेक के आवास पर पहुंचीं। वे काफी समय तक वहां मौजूद रहीं और स्थिति पर पैनी नजर बनाए रखी। मुख्यमंत्री के आने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में टीएमसी कार्यकर्ता और समर्थक भी वहां जुट गए, जिससे इलाके में भारी तनाव फैल गया। ममता ने पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताई। पुलिस अधिकारी पहले तो छापे की वजह बताने से इंकार करते रहे। बाद में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई सालबोनी थाने में दर्ज वित्तीय धोखाधड़ी (Financial Fraud) के एक मामले से जुड़ी है। हालांकि अधिकारियों ने मामले की विस्तृत जानकारी या पुख्ता सबूतों का खुलासा करने से इनकार कर दिया। करीब चार घंटे से अधिक समय तक चली इस तलाशी के बाद पुलिस की टीम सुबह वापस लौट गई। पुलिस ने वहां से कोई दस्तावेज या सामान जब्त किया या नहीं, इस बारे में कोई जानकारी दी गई।

इंडियन बैंक की सोसाइटी में 3.60 करोड़ का घोटाला 69 बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों पर FIR दर्ज

गोंडा, 13 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)। यूपी के गोंडा में इंडियन बैंक इंप्लाइज क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड में करीब 23 वर्ष में 3.60 करोड़ रुपये के वित्तीय घोटाले का मामला सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के आदेश पर सोसाइटी के सचिव की तहरीर पर बैंक के 69 अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ नगर कोतवाली में गबन, वित्तीय अनियमितता और पद के दुरुपयोग की एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि वर्ष 1997 से 2020 के बीच सोसाइटी की तीन करोड़ 60 लाख 16 हजार रुपये की धनराशि का गबन किया गया। ब्याज जोड़ने पर यह रकम बढ़कर चार करोड़ 90 लाख आठ हजार 373 रुपये से अधिक हो चुकी है। शहर के पटेल नगर में रहने वाले इंडियन बैंक इंप्लाइज क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के सचिव रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने नगर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

टाटा आईफोन प्लांट के जहरीले पानी से किसान परेशान

नई दिल्ली, 13 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)। एपल के लिए आईफोन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स बड़ी मुश्किल में फंस गई है। तमिलनाडु के होसुर स्थित कंपनी के प्लांट पर बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आरोप लगाया है कि फैक्टरी से निकलने वाले गंदे पानी ने आसपास के खेतों और कुओं को प्रदूषित कर दिया है। अगर टाटा ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो इस प्लांट की बिजली काटकर इसे बंद किया जा सकता है। आइए आसान भाषा में समझते हैं कि पूरा विवाद क्या है और इसका एपल की सप्लाई चेन पर क्या असर पड़ सकता है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स दक्षिण एशिया में ताइवान की फॉक्सकॉन के बाद एपल की दूसरी सबसे बड़ी सप्लायर है। तमिलनाडु के होसुर स्थित इसी प्लांट में आईफोन के बैक पैनल और अन्य अहम पुर्जे बनाए जाते हैं। आसपास के किसानों ने शिकायत की थी कि फैक्टरी का दूषित पानी उनके खेतों और खुले कुओं में मिल रहा है, जिससे उनकी कृषि भूमि को भारी नुकसान हो रहा है।

किसानों की महीनों लंबी शिकायतों के बाद, दिसंबर 2025 से मई 2026 के बीच प्लांट के पांच बार सरकारी निरीक्षण किए गए। 25 मई के नोटिस के अनुसार, जांच में पाया गया कि टाटा ने अपने परिसर के भीतर बने रेनवाटर हार्वेस्टिंग पॉन्ड (वर्षा जल संचयन तालाब) में गंदा पानी छोड़ दिया था। यह तालाब ओवरफ्लो हो गया और गंदा पानी आसपास की कृषि भूमि के खुले कुओं के भूजल में जाकर मिल गया।

तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपने 25 मई के नोटिस में टाटा से स्पष्टीकरण मांगा है कि नियमों के इस उल्लंघन के आरोप में क्यों न उसकी फैक्टरी की बिजली काट दी जाए और उसे बंद कर दिया जाए.। बोर्ड ने अपने नोटिस में यह भी स्पष्ट किया कि 23 दिसंबर, 2025 को जारी पिछले पत्र के निर्देशों के बावजूद टाटा ने कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाए थे।

इस विवाद पर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि उसने एक मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से स्वतंत्र जांच कराई है। कंपनी का दावा है कि इस जांच में उसे सभी नियामक मानदंडों का पूरी तरह से पालन करने वाला पाया गया है। टाटा ने कहा कि वह पर्यावरण और स्थानीय समुदायों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है और उसने प्रदूषण अधिकारियों को अपना जवाब सौंप दिया है।

यह मामला भारत के ग्लोबल आईफोन मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की राह में एक चिंताजनक खबर है। चीन से अपना प्रोडक्शन बाहर ले जाने की एपल की रणनीति में टाटा एक अहम कड़ी है। रिसर्च फर्म काउंटरप्वाइंट के मुताबिक, 2026 में दुनिया भर के 26ः आईफोन भारत में बनने का अनुमान है, जो चार साल पहले मात्र 6ः था। हालांकि, हाल के दिनों में एपल की भारतीय सप्लाई चेन कई समस्याओं का सामना कर रही है, जिसमें सितंबर 2024 में इसी होसुर प्लांट में लगी आग और 2023 में पेगाट्रॉन प्लांट की आग जैसी घटनाएं शामिल हैं।

पर्यावरण मानकों की अनदेखी किसी भी ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए कितनी चुनौतीपूर्ण हो सकती है, होसुर प्लांट का यह मामला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अब यह देखना अहम होगा कि प्रदूषण बोर्ड टाटा के जवाब और लैब रिपोर्ट से संतुष्ट होता है या फिर आईफोन के निर्माण को शटडाउन का सामना करना पड़ता है।

'देवव्रत' हिन्दी दैनिक आजमगढ़

' रोपें रेंड़ '

नदियों में पानी घटा,
सूख रहे हैं पेंड़ ।
राजमहल का हुक्म है,
सब मिल रोपें रेंड़ ।
खर्च कम लाभ अधिक

14 जून 2026

धीरू भाई का दो टूक

लगातार दूसरे ICC खिताब के लिए जोर लगाएगी भारतीय महिला टीम, पाक से आज होगा मुकाबला

एजबेस्टन, 13 जून (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)। भारतीय महिला टीम आईसीसी टी20 विश्व कप में रविवार को अपने अभियान की शुरुआत करने उतरेगी। भारत का सामना ग्रुप–1 के मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच इस वैश्विक टूर्नामेंट में कोई प्रतिस्पर्धा ही नजर नहीं आती। भारत का रिकॉर्ड इस टीम के खिलाफ बेहद दमदार है, लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम चाहेगी कि वो बिना किसी गलती के एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करे। हर विभाग में संतुलित भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी में 82 रन बनाने के बाद मंधाना ने अगले छह मैचों में 13, 12, 37, 0, 32 और आठ रन बनाए हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा नाम जसवीर सिंह बग्गा पुत्र श्री सरदार राम सिंह है मैं आज से अपना नाम बदलकर सरदार जसवीर सिंह पुत्र सरदार राम सिंह कर रहा हूँ द्य अतः आज से भविष्य मे मुझे सरदार जसवीर सिंह पुत्र सरदार राम सिंह के नाम से जाना पहचाना जायेगा। **सरदार जसवीर सिंह** पुत्र सरदार राम सिंह निवासी वार्ड न० 18 सदर रोड़ चौक मुहम्मदाबाद जिला गाजीपुर।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2009 अनुक्रमांक 2703571 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **कु० पुष्पा वर्मा** पुत्री नारद वर्मा ग्राम व पोस्ट शेर जिला बलिया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद माही (MOHAMMAD MAHI) था जिसे बदलकर मैंने मो. माही (MO MAHI) कर लिया है। भविष्य में मुझे **मो. माही (MO MAHI)** नाम से जाना, पहचाना जाए। मो. माही (MO MAHI) पुत्र मोहम्मद ईसा निवासी ग्राम मीरानपुरा पोस्ट व थाना टण्डा पिनकोड 224190 जनपद अम्बेडकर नगर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक 2251347, इण्टरमीडिएट वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1307759 व बी.ए. प्रथम वर्ष वर्ष 2009 अनुक्रमांक 532574 बी.ए. द्वितीय वर्ष 2010 अनुक्रमांक 7232453 बी.ए. तृतीय वर्ष 2011 अनुक्रमांक 623183 का मूल मार्कशीट कहीं खो गई है। प्रीति गौंड निवासी मकान नं. 154 प्रहलाद नगर कालोनी करतालपुर जनपद आजमगढ़।

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 116 उपरासं 2006 मौजा पड़री परानपुर

सुमन बनाम उमेश आदि

बनाम– उमेश व दिनेश व विजय पुत्रगण रामबली व प्रभावती पत्नी रामबली, अशोक व मनोज व विनोद पुत्रगण दसई, सन्तवन्ता पत्नी दसई, सुरेश पुत्र श्यामदेव साकिनान जमीन पड़री परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़, श्रीमती चन्द्रमा पत्नी उमाशंकर साकिन महषि सम्भर 11. अर्जुन व जगदीश पुत्रगण शेखरज साकिन सियरहा दुलियावर तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 16 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 09 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

बअदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार
न्यायालय मऊ, जनपद मऊ
भरण पोषण प्रार्थना पत्र सं. 581/2025
अन्तर्गत धारा 144 बी.एन.एस.एस

श्रीमती सोना देवी उम्र करीब 27 वर्ष पत्नी विक्की कुमार साकिन फतेहपुर मण्डाव थाना रामपुर जनपद मऊ हालपता पुत्री सुख्खू राजभर साकिन महुई (माता बारी) थाना मधुबन जनपद मऊ। —सायला

बनाम

विक्की कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र कन्हैया राजभर साकिन फतेहपुर थाना रामपुर जनपद मऊ। —विपक्षी

उपरोक्त वाद में सायला ने आप विपक्षी के विरूद्ध अ0 धारा–144 बी.एन.एस.एस के प्राविधानों के तहत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है कि वो आपकी विधि सम्यक पत्नी है और वह अपना स्वयं भरण–पोषण करने में असमर्थ है, जबकि आप समक्ष होते हुए भी उसका भरण–पोषण नहीं कर रहे है।

अस्तु नोटिस हाजा द्वारा आपको निर्दिष्ट किया जाता है कि इस प्रार्थना पत्र के विरूद्ध यदि कोई आपत्ति दाखिल करना चाहे तो दिनांक 18.06.2026 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तु करे, यदि ऐसा करने में चूक हुई तब दिनांक 18.06.2026 को इस प्रार्थना पत्र की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में की जायेगी जिसका पूर्ण दायित्व आप पर होगी।

बसक्त मेरे अदालत और मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 0000 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से
प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मऊ,
जनपद मऊ

अदालती नोटिस

बअदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार
न्यायालय मऊ, जनपद मऊ
भरण पोषण वाद सं. 1183/2025
अन्तर्गत धारा 144 बी.एन.एस.एस

पूनम यादव उम्र करीब 28 वर्ष पत्नी संजय यादव साकिन सेरवा कला पोस्ट करम्मर जनपद बलिया हाल मुकाम पुत्री रामदरस यादव साकिन परदहां मिश्रौली सहालाबाद पोस्ट सलाहाबाद थाना कोतवाली तहसील सदर जनपद मऊ। —सायला

बनाम

संजय यादव उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र रामजी यादव साकिन सेरवा कला पोस्ट करम्मर थाना सुखपुरा तहसील बांसडीह जनपद बलिया। —विपक्षी

उपरोक्त वाद में सायला ने आप विपक्षी के विरूद्ध अ0 धारा–144 बी.एन.एस.एस के प्राविधानों के तहत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है कि वो आपकी विधि सम्यक पत्नी है और वह अपना स्वयं भरण–पोषण करने में असमर्थ है, जबकि आप समक्ष होते हुए भी उसका भरण–पोषण नहीं कर रहे है।

अस्तु नोटिस हाजा द्वारा आपको निर्दिष्ट किया जाता है कि इस प्रार्थना पत्र के विरूद्ध यदि कोई आपत्ति दाखिल करना चाहे तो दिनांक 31.07.2026 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तु करे, यदि ऐसा करने में चूक हुई तब दिनांक 31.07.2026 को इस प्रार्थना पत्र की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में की जायेगी जिसका पूर्ण दायित्व आप पर होगी।

बसक्त मेरे अदालत और मुहर अदालत के आज बतारिख 05 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से
प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मऊ,
जनपद मऊ

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़

हीरा देवी पत्नी रणधीर साकिन बातन परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —वादी

बनाम

रणधीर 2. सुनील पुत्रगण भगौती 3. मीनू सिंह पत्नी पीयूष कुमार सिंह 4. अर्चना सिंह पत्नी प्रंशात कुमार सिंह 5. अंकिता सिंह पत्नी विशाल कुमार सिंह 6. आसमा खातून पत्नी जौवाद 7. सरिता पत्नी देवेन्द्र 8. इन्द्रो पत्नी रामनवल साकिनान बातन परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 9. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत बातन परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 25 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़

हीरा देवी पत्नी रणधीर साकिन बातन परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —वादी

बनाम

रणधीर 2. रामप्रसाद 3. सीताराम 4. सुनील पुत्रगण भगौती 5. हरेन्द्र पुत्र कपिलदेव 6. श्यामा पत्नी कपिलदेव 7. रविप्रकाश पुत्र धर्मदेव 8. धर्मदेव पुत्र पतिराम 9. अर्चना पत्नी राकेश 10. वेदान्त राकेश पुत्र राकेश नाबालिग संरक्षिका अर्चना माता खुद 11. वसीर पुत्र मु. रज्जाक 12. रिजवाना बानो पत्नी मो. सगीर 13. मो. फैजान 14. मो. जीशन पुत्रगण मो. सगीर 15. जैनब बानो पुत्री मो. सगीर 16. जौवाद पुत्र रसीद 17. नाजमा स्त्री रसीद 18. मो. जावेद पुत्र मु. रसीद 19. मोहम्मद दिलशाद पुत्र रशीद 20. अजीज 21. निजामुद्दीन 22. मजीद पुत्रगण मुंसफी साकिनान बातन परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 23. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत बातन परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 25 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 116 उप्ररासं 2006 मौजा सेंदुरपार

रमेश पुत्र हरगोविन्द साकिन पूनापार उर्फ बड़ागांव परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —वादी

बनाम

अखिलेश 2. दिनेश पुत्रगण हरगोविन्द 3. गौरव पुत्र अखिलेश 4. दीपक पुत्र सुरेश 5. राधा देवी पत्नी सुरेश साकिनान पूनापार उर्फ बड़ागांव परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 6. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत पूनापार उर्फ बड़ागांव परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 25 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सगड़ी, आजमगढ़
धारा 116 उप्ररासं 2006 मौजा पूनापार उर्फ बड़ागांव

रमेश पुत्र हरगोविन्द साकिन पूनापार उर्फ बड़ागांव परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —वादी

बनाम

अखिलेश 2. दिनेश पुत्रगण हरगोविन्द 3. गौरव पुत्र अखिलेश 4. दीपक पुत्र सुरेश 5. राधा देवी पत्नी सुरेश साकिनान पूनापार उर्फ बड़ागांव परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ 6. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत पूनापार उर्फ बड़ागांव परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 25 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सदर, आजमगढ़
धारा 229 (बी) ज.वि. अधि. मौजा एलवल

राजेन्द्र व अन्य बनाम विश्वनाथ व अन्य

बनाम–1/1. यशोदा पत्नी स्व. मुन्नर 1/2. विनोद 1/3. मनोज 1/4. सुरेश पुत्रगण स्व. मुन्नर 2/1. सरोज पत्नी स्व. कैलाश 2/2. सन्दीप 2/3. घनश्याम 2/4. करन पुत्रगण स्व. कैलाश 3/1. लालमुनी पत्नी स्व. विश्वनाथ 3/2. अरविन्द 3/3. विजय 3/4. अनिल 3/5. चमन पुत्रगण स्व. विश्वनाथ 4/1. रामदुलारी पत्नी स्व. बीरबल 4/2. कन्हैया 4/3. संजय 4/4. अजय पुत्रगण स्व. बीरबल साकिनान ग्राम एलवल तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 16 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 26 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपसंचालक चकबन्दी, आजमगढ़
निगरानी सं. 202541500001064
धारा 48(1) उप्ररासं 2006 मौजा खानपुर

सोनई 2. छोटेलाल पुत्रगण उदवत 3. श्रीमती गंगा देवी पत्नी सोनराज साकिनान खानपुर परगना व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़। —निगरानीकर्त्तागण

बनाम

श्रीमती अचरजा पुत्री चन्दर पत्नी रामबली साकिन हथनौरा परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —उत्तरवादी

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 15 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 25 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपसंचालक चकबन्दी, आजमगढ़
धारा 48(1) उप्ररासं 2006 मौजा बस्ती

हृदय नरायन पुत्र स्व. मारकण्डेय राय निवासी ग्राम बस्ती परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —निगरानीकर्त्ता

बनाम

अशोक कुमार राय 2. परमहंस राय 3. अजय राय पुत्रगण स्व. प्रताप नरायन राय निवासी ग्राम बस्ती परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 4. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत बस्ती परगना मुहम्मदाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 15 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 25 माह 05 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

इत्तिलानामा वास्ते पेश करने वजह इस अम्र के कि तजबीजसानी क्यों ना मंजूर होनी चाहिए।
(आर्डर 47 कायदा 4 मजमुआ जाविता दीवानी)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) निजामाबाद, आजमगढ़
धारा 209 (ज) उप्ररासं. 2006 मौजा खण्डवारी

रामसमुझ बनाम गांवसभा

बनाम–रत्तन 2. जत्तन 3. मत्तन पुत्रगण सीताराम 4. हंसराज 5. वंशराज 6. मंसराज पुत्रगण रामवली 7. लक्ष्मिन 8. रामशब्द पुत्रगण चन्द्रवली 9. महेन्द्र पुत्र विश्वनाथ 10. राजेन्द्र पुत्र राजाराम 11. राधेश्याम पुत्र खुरमुल्ली 12. छोटेलाल पुत्र रग्घू साकिनान खण्डवारी तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़ 13. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम प्रधान खण्डवारी तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

मुत्तिला हो कि ने इस अदालत में वास्ते तजबीजसानी मुसद्दिरह तारीख 00 माह 00 सन् 0000 ई0 मुकदमा मरकूमहवाला के दरख्वास्त गुजरानी है। तारीख 22 माह 06 सन् 2026 ई0 इसलिए मुकर्रर हुई है कि आप वजह जाहिर कीजिए कि इस मुकदमें फैंसला की तजबीजसानी क्यों न मंजूर होनी चाहिए।

आज बतारीख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से जारी किया जाय। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़

रामवृक्ष बनाम डबलू

बनाम–डबलू पुत्र मनोहर, गुलैचा पत्नी देवनन्दन, रमेश, रामप्रवेश व अवधेश पुत्रगण देवनन्दन, राजेश, उमेश, दिनेश, बृजेश पुत्रगण देवनाथ, मुनेसरी पत्नी जगरनाथ, सभाजीत, भोला पुत्रगण शिवनाथ, चन्द्रभान पुत्र बदन, शिवपूजन, शिवबचन, शिवकरन पुत्रगण लछिराम, रामसमुझ, अजय, संजय पुत्रगण रामशकल, किसमत्ती पत्नी रामशकल, महेन्द्र पुत्र सत्यदेव, हरिकेश पुत्र पलकधारी, बासमती पत्नी पलकधारी, सुखदेव, बलदेव पुत्रगण फेंकू, सुभावती पत्नी रामजीत, डब्लू भारती, दुर्गा बबलू पुत्रगण रामजीत साकिनान कन्झारी परगना बेलहाबास तहसील मेंहनगर जनपद आजमगढ़, गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत कन्झारी परगना बेलहाबास तहसील मेंहनगर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 19 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़
धारा 30 उप्ररासं 2006 मौजा सेठवल परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़

देवी प्रसाद बनाम सरकार

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 15 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 15 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी फूलपुर, आजमगढ़
धारा 116 उप्ररासं 2006 मौजा चक मकसूद जहां

सैयद जफरूल हसन पुत्र सैयद आफताब अहमद साकिन कस्बा माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —वादी

बनाम

शकील अहमद 2. अकील अहमद पुत्रगण नूर मोहम्मद 3. मोहब्बत अली पुत्र वली मोहम्मद 4. अरसद 5. आशिफ पुत्रगण जोरार अहमद 6. नसरीन 7. यासमीन 8. जमीला पुत्रीगण अब्दुल गफ्फार साकिनान कस्बा माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़ 9. उ.प्र. सरकार द्वारा अध्यक्ष नगर पंचायत माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 25 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 11 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी फूलपुर, आजमगढ़
धारा 116 उप्ररासं 2006 मौजा माहुल

सैयद जफरूल हसन पुत्र सैयद आफताब अहमद साकिन कस्बा माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —वादी

बनाम

शकील अहमद 2. अकील अहमद पुत्रगण नूर मोहम्मद 3. मोहब्बत अली पुत्र वली मोहम्मद 4. अरसद 5. आशिफ पुत्रगण जोरार अहमद 6. नसरीन 7. यासमीन 8. जमीला पुत्रीगण अब्दुल गफ्फार साकिनान कस्बा माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़ 9. उ.प्र. सरकार द्वारा अध्यक्ष नगर पंचायत माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 25 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 11 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी लालगंज, आजमगढ़
धारा 116 उप्ररासं 2006 मौजा उसरौली

हिरावन बनाम मुन्ना आदि

बनाम– मुन्ना 2. राधेश्याम 3. रामकिसुन 4. रामजियावन 5. लुट्टूर पुत्रगण अछैबर साकिनान खिजिर अहमद हाल मुकाम उसरौली परगना देवगांव तहसील लालगंज जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 19 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 05 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सदर, आजमगढ़

विरजू बनाम मक्खू

बनाम– रामबचन 2. रामदयाल 3. रामलाल पुत्रगण मुन्नी 4. जित्तू 5. राजेन्दर पुत्रगण सग्गूराम साकिनान दौलताबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 6. परशन 7. दर्शन पुत्रगण सुक्खू साकिनान रामपुर तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 8. गांवसभा बजरिये प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम पंचायत दौलताबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़।—प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 15 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 09 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

इत्तिलानामा वास्ते पेश करने वजह इस अम्र के कि तजबीजसानी क्यों ना मंजूर होनी चाहिए।
(आर्डर 47 कायदा 4 मजमुआ जाविता दीवानी)
बअदालत उपजिलाधिकारी सदर, आजमगढ़
धारा 24 उप्ररासं. 2006 मौजा सोनवारा

लल्लन आदि बनाम विन्दू आदि

बनाम–लल्लन, नवमी प्रसाद, अच्छेलाल, बच्चेलाल, लालमन पुत्रगण स्व. झंगटू व शीतली पत्नी स्व. झंगटू, विन्दू प्रसाद पुत्र स्व. चुनमुन साकिन सोनवारा परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

मुत्तिला हो कि ने इस अदालत में वास्ते तजबीजसानी मुसद्दिरह तारीख 00 माह 00 सन् 0000 ई0 मुकदमा मरकूमहवाला के दरख्वास्त गुजरानी है। तारीख 16 माह 06 सन् 2026 ई0 इसलिए मुकर्रर हुई है कि आप वजह जाहिर कीजिए कि इस मुकदमें फैंसला की तजबीजसानी क्यों न मंजूर होनी चाहिए।

आज बतारीख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से जारी किया जाय। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) सदर, आजमगढ़
मु.नं. टी 202615060011O551

दिवाकर बनाम जयप्रकाश आदि

बनाम– जयप्रकाश पुत्र श्रीनाथ 2. योगेश रामकृष्ण 3. योगेश रामकृपाल पुत्रगण जयप्रकाश साकिनान गम्भीरवन परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 4. अवधनरायन 5. संतोष पुत्रगण चन्द्रबली 6. श्रीमती विद्यावती देवी पत्नी राजेन्द्र साकिनान निजामुद्दीनपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़ 7. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत निजामुद्दीनपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 19 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 12 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेस्पाण्डेन्ट बाबत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
बअदालत आयुक्त
आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़
निगरानी सं. सी 202315000001307

राजेन्द्र आदि बनाम एडीएम (वित्त व राजस्व)

बनाम–एडीएम (वित्त व राजस्व) आजमगढ़ 2. रीना पत्नी महेन्द्र 3. चमेला पत्नी कन्हैया 4. अशर्फीलाल पुत्र रामप्यारे 5. भाष्कर पुत्र शिवजोर 6. शनीचरी पत्नी पुरूषोत्तम 7. मंजू पत्नी बृजेश 8. दुर्गेश 9. हरिकेश पुत्रगण फिरतू साकिनान सम्मोपुर परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़ 10. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत सम्मोपुर परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादीगण

मुत्तिला हो कि अपील बनाराजी डिगरी

इस मुकदमे में धनराशि में पेश किया गया वह इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत में तारीख 25 महीना 06 सन् 2026 ई0 वास्ते समायत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर खुद आप या आपके वकील या और कोई शक्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर न आयेगा तो उसका समायत और तजवीज आपके गैर हाजिरी में एकतरफा की जायेगी। आज बतारिख 12 माह 06 सन् 2026 ई0 मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सदर, आजमगढ़
वाद सं. टी 202515060107224/2025
धारा 24 उप्ररासं 2006 मौजा ईश्वरपुर

लालचन्द बनाम सरकार

बनाम– रामजतन पुत्र राजदेव साकिन ईश्वरपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादी

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 24 माह 06 सन् 2026 ई0 बवक्त 6.30 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 12 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

संस्थापक :
स्मृतिशेष श्री ठाकुर प्रसाद यादव

सम्पादक :
श्री विजय कुमार यादव

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्री विजय कुमार यादव के लिए स्वाभिमान प्रकाशन, शहीद द्वार (सिविल लाईन) आजमगढ़ से मुद्रित कराकर 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक कार्यालय, 31 शहीद द्वार आजमगढ़–276001 से प्रकाशित।
पो.रजि.नं. : आ./एन.पी.–92
टेली फैक्स : 05462–297576
मोबाइल : 9415370246
RNI NO. 56765/92

पाकिस्तान का दावा- अगले 24 घंटे में अमेरिका-ईरान समझौता मुमकिन

वॉशिंगटन डीसी, 13 जून (एजेंसी/देवव्रत संवाद)।पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच अगले 24 घंटे में शांति समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके बाद दोनों देश इस समझौते पर ऑनलाइन हस्ताक्षर करेंगे और अगले हफ्ते तकनीकी स्तर की बातचीत होगी। वहीं, ईरान के मुख्य न्यायाधीश गुलाम-हुसैन मोहसनी-एजेई ने कहा है कि ईरान को अमेरिका पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले अनुभवों की वजह से यह भरोसा खत्म हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा संघर्ष में ईरान ने अपने दुश्मनों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है और हमलावरों की ताकत को कमजोर करने में सफलता हासिल की है।28 फरवरी को तत्कालीन ईरानी सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद एक अंतरिम नेतृत्व परिषद बनाई गई थी, गुलाम-हुसैन मोहसनी-एजेई इस परिषद में शामिल हैं।

चीन में जमीन पर गिरकर हेलिकॉप्टर चरखी जैसा घूमता रहा

वुजिन, 13 जून (एजेंसी/देवव्रत संवाद)।चीन में हेलिकॉप्टर क्रैश का एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक हेलिकॉप्टर खेत में क्रैश होकर दो हिस्से में टूट गया, इसके बावजूद उसके रोटर ब्लेड तेज रफ्तार में काफी देर तक घूमते रहे। कॉकपिट के अंदर फंसे पायलट और उसका साथी इधर-उधर झटके खाते रहे।एक पायलट तो हेलिकॉप्टर के दरवाजे से आधा बाहर लटका हुआ था।वह कई बार जमीन और हेलिकॉप्टर के किनारे से टकराया। पास की सड़क पर मौजूद लोग यह सब देखकर इकट्ठा हो गए, लेकिन हेलिकॉप्टर के रोटर ब्लेड लगातार घूम रहे थे, इसलिए कोई भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं बढ़ सका। दोनों पायलटों की जान सीट बेल्ट की वजह से बच गई। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना चीन के वुजिन शहर में गुरुवार दोपहर 2 बजे हुई।

पीओके में प्रदर्शन में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत

मुजफ्फराबाद, 13 जून (एजेंसी/देवव्रत संवाद)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते 4 दिनों से चल रहे आंदोलन में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, चार दिनों में 1100 से ज्यादा लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है।दरअसल, विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों लेकर विवाद चल रहा है। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं जो जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में जाकर बसे थे।सुप्रीम कोर्ट ने 7 जून को आरक्षण खत्म करने की मांगों को खारिज कर दिया और कहा कि संवैधानिक संशोधन सरकार से छीनी जाने वाली कोई रियायत नहीं है। इस फैसले के बाद जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी इन सीटों को खत्म करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है।इस वजह से मुजफ्फराबाद, मीरपुर में बाजार, स्कूल, कॉलेज और दफ्तर बंद हैं। नेटबंदी भी जारी है। इससे घाटी बाहरी दुनिया से कटी हुई है।

मोदी फ्रांस-स्लोवाकिया की 6 दिन की यात्रा पर रवाना

ब्रातिस्लावा, 13 जून (एजेंसी/देवव्रत संवाद)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह फ्रांस और स्लोवाकिया की 6 दिनों की यात्रा पर रवाना हो गए। उनकी यह यात्रा 13 से 18 जून तक चलेगी। पीएम बनने के बाद मोदी की यह 7वीं फ्रांस यात्रा है। वे 13-14 जून को फ्रांस के नीस शहर में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।साथ ही इंडिया इनोवेट्स कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।पीएम 14 जून को स्लोवाकिया रवाना हो जाएंगे। यहां 15 जून तक रुकेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री रोबर्ट फिको और राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रीनी से मुलाकात करेंगे। 1993 में स्लोवाकिया के आजाद देश बनने के बाद किसी भारतीय पीएम का यह पहला दौरा है। मोदी 16 जून को वापस फ्रांस लौटेंगे। फिर 17 जून को एवियन शहर में ऋ7 समिट में हिस्सा लेंगे। समिट में वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नई साझेदारियों और अकके मुद्दे पर चर्चा होगी। पीएम मोदी जी-7 समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प सहित कई वर्ल्ड लीडर्स से मुलाकात कर सकते हैं।

संजय राउत ने मोदी को कहा 'अघोरी', 'औरंगजेब की धरती' से आने का आरोप

मुंबई, 13 जून (देवव्रत संवाद)। शिवसेना नेता संजय राउत ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अघोरी और क्रूर व्यक्ति कहकर राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया, जिस पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा ने कहा कि राउत ने यह कहकर मोदी और गुजरात दोनों का अपमान किया है कि प्रधानमंत्री औरंगजेब की धरती से आते हैं। पार्टी ने यह भी कहा कि विपक्ष की हताशा अब नए स्तर पर पहुँच गई है। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा कि उन्होंने राजनीति में ऐसा अघोरी कभी नहीं देखा और दावा किया कि मोदी का व्यक्तित्व ही डर पैदा करता है। राउत ने कहा कि इस देश की राजनीति में पहले कभी ऐसा 'अघोरी' व्यक्ति पैदा नहीं हुआ। पहले कभी कोई इतना क्रूर व्यक्ति सामने नहीं आया। इस देश ने जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, पीवी नरसिम्हा राव, राजीव गांधी, बाबासाहेब अंबेडकर और बालासाहेब ठाकरे जैसे महान नेता दिए हैं।लेकिन जब हम मोदी के पूरे व्यक्तित्व को देखते हैं, तो डर लगता है। ऐसा व्यक्ति कहाँ से आया है? उन्होंने आगे कहा कि वह उसी मिट्टी से आए हैं जहाँ से औरंगजेब पैदा हुआ था। औरंगजेब का जन्म गुजरात में ही हुआ था, है ना?

बिहार में पुल की मरम्मत युद्धस्तर पर जारी

पटना, 13 जून (देवव्रत संवाद)।पंकज कुमार पाल सचिव, पथ निर्माण विभाग की अध्यक्षता में आज विभागीय सभाकक्ष में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले 60 मीटर से अधिक लंबाई के पुलों की सुरक्षा एवं वर्तमान स्थिति से जांच रिपोर्ट की एक उच्च स्तरीय समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में विभाग के वरीय अभियंता एवं बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के पदाधिकारी उपस्थित थे।

ईरान से अब युद्ध को खत्म करने का समय आ गया है-ट्रंप

वाशिंगटन, 13 जून (एजेंसी/देवव्रत संवाद)।एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, एक सीनियर अमेरिकी अधिकारी ने बताया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा है कि ईरान के साथ कुछ ही दिनों में शांति समझौता हो सकता है। ट्रंप ने नेतन्याहू से फोन पर बातचीत के दौरान कहा, यह डील है। यह एक बहुत अच्छी डील है और अब इस युद्ध को खत्म करने का समय आ गया है। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब वॉशिंगटन और तेहरान, दोनों जगहों के अधिकारियों का कहना है कि समझौता होने के करीब है, हालांकि इसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, नेतन्याहू को यह एहसास हो गया था कि वे ट्रंप को इस डील को आगे बढ़ाने से नहीं रोक सकते। बताया जाता है कि बातचीत के दौरान इजराइली नेता ने ट्रंप से कहा कि उन्हें भरोसा है कि अंतिम समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी चिंताओं का समाधान किया जाएगा।

जनता में भाजपा के खिलाफ नाराजगी, अगला लोकसभा चुनाव हमारा-राहुल गांधी

नई दिल्ली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ब्लॉक के नेताओं से कहा कि जनता के बीच भाजपा के खिलाफ काफी नाराजगी है। इसी वजह से अगला लोकसभा चुनाव विपक्ष के पक्ष में है। हालांकि उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती चुनावों का स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से होना है।

बैठक में सहयोगी दलों की ओर से कांग्रेस पर होने वाली आलोचनाओं का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने भगवान शिव के विषपान प्रसंग का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वह खुद सहयोगी दलों की हर आलोचना को मुस्कुराकर स्वीकार करेंगे। राहुल ने कहा कि विपक्षी दलों की बैठकों में अक्सर निराशा का माहौल दिखता है, लेकिन भरोसा रखना चाहिए कि सभी दल साथ रहें तो भाजपा को हराना आसान है। ब्लॉक की सोमवार को बैठक हुई थी। शुक्रवार को राहुल ने 9 मिनट का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं हारी थी।उस चुनाव में विपक्ष ने भाजपा को कड़ी चुनौती दी थी।उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव से पहले बहुत कम लोगों को भरोसा था कि भाजपा को चुनौती दी जा सकती है, लेकिन विपक्ष ने बेहतर प्रदर्शन किया।

मल्टी लेयर्ड बैलिस्टिक डिफेंस सिस्टम का टेस्ट कामयाब

5000 किमी रफ्तार से आ रही मिसाइल को मार गिराएगा, यह तकनीक हासिल करने वाला भारत 5वां देश

नई दिल्ली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर रेंज में किया गया। इस टेस्ट के लिए यहां 11 गांव खाली कराए गए थे। भारत अब लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों, यहां तक कि इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के खतरों का भी मुकाबला कर सकता है। 10 और 11 जून को लगातार 3 फ्लाइट टेस्ट किए गए, जिनमें मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन किया गया। इसमें इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल क्लास तक के खतरों समेत बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने और बेअसर करने की क्षमता भी शामिल है।

यह स्वदेशी तकनीक दुश्मन की मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही नष्ट कर देती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 13 जून को टेस्टिंग की तस्वीरें अकाउंट पर शेयर की हैं।इसके साथ-साथ नेवल एंटी शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का भी टेस्ट किया गया। इसे भारत की समुद्री स्ट्राइक और डिफेंस स्किल को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

भारत अब उन खास देशों के ग्रुप में शामिल हो गया है, जिनके पास ऑपरेशनल-लेवल की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस क्षमता है। भारत से पहले यह तकनीक अमेरिका, रूस, इजराइल और चीन के पास थी।आसान भाषा में इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल को बहुत लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल कहा जा सकता है। यह ऐसी मिसाइल होती है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक पहुंच सकती है। आमतौर पर 5,500 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक मार कर सकती है। इसके अलावा यह परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम होती है।

यह मिसाइल रॉकेट की तरह ऊपर अंतरिक्ष की ओर जाती है, फिर बहुत ऊंचाई से पृथ्वी की ओर लौटती है और बहुत तेज स्पीड से टारगेट पर हमला करती है। इसी वजह से इसे दुनिया के सबसे शक्तिशाली रणनीतिक हथियारों में गिना जाता है।मल्टी लेयर्ड काम दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइल को उसके टारगेट तक पहुंचने से पहले ही मार गिराना है। यह कई लेवल पर काम करता है- जैसे पहले रडार मिसाइल का पता लगाते हैं। कमांड सेंटर खतरे का आकलन करता है। इसके बाद इंटरसेप्टर मिसाइल छोड़ी जाती है, जो हवा में जाकर दुश्मन की मिसाइल को नष्ट कर देती है।बात लेयर्ड मिसाइल डिफेंस की करें तो अगर पहली इंटरसेप्टर मिसाइल लक्ष्य को नष्ट नहीं कर पाती, तो दूसरी परत एक्टिव हो जाती है।

यानी एक डिफेंस लेयर फेल हो जाए, तब भी दूसरी लेयर मौजूद रहती है।इससे पहले, भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम के फेज-क्क का सफलतापूर्वक फ्लाइट टेस्ट किया था। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के टेस्ट के तहत ओडिशा के धामरा स्थित लॉन्चिंग कॉम्प्लेक्स छउ-क्ष से एक टारगेट मिसाइल लॉन्च की गई। यह मिसाइल दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइल जैसी थी।

515 कैडेट्स अंतिम पग पार कर बने सैन्य अधिकारी

राष्ट्रपति मुर्मू ने ली सलामी, जश्न और भावुक पलों के साक्षी बने परिजन

देहरादून, 13 जून (देवव्रत संवाद)। देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आईएमए) में 158वीं पासिंग आउट परेड (पीओपी) और पिपिंग सेरेमनी हुई। जिसमें परिजनों और सैन्य अधिकारियों ने कैडेट्स के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें भारतीय सेना में कमीशंड अधिकारी बनने की बधाई दी। इसके बाद आईएमए परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिला। अधिकारियों ने अपने परिजनों और साथियों के साथ खुशी मनाई। किसी ने साथियों को कंधों पर उठाया तो किसी ने हवा में उछालकर उत्साह जताया। परेड में कुल 515 कैडेट्स ने प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना में कमीशंड अधिकारी के रूप में कदम रखा। इनमें 481 भारतीय और 34 विदेशी कैडेट्स शामिल हैं। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उनके साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह भी उपस्थित रहे। समीक्षा अधिकारी के रूप में राष्ट्रपति ने परेड का निरीक्षण किया, कैडेट्स की सलामी ली और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर तथा अन्य पदक प्रदान किए।इसके बाद कैडेट्स ने चेटवुड भवन के सामने स्थित ऐतिहासिक 'अंतिम पग' को पार किया। इस रेखा को पार करते ही उनका कैडेट जीवन समाप्त हो गया और वे भारतीय सेना के कमीशंड अधिकारी बन गए। अंतिम पग के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई।राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारी बने युवा केवल सेना का हिस्सा नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के प्रहरी हैं। इनके कंधों पर 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास और सुरक्षा की जिम्मेदारी है।

25 शहरों में आंधी-बारिश, वाराणसी में तूफान, हाथरस में सड़कें डूबीं

लखनऊ 13 जून (देवव्रत संवाद)। यूपी में प्री-मानसून एक्टिव हो गया है। शनिवार सुबह कानपुर-अयोध्या, उन्नाव समेत 25 शहरों में बारिश हुई। वाराणसी में दोपहर साढ़े 12 बजे तूफान आया। इससे होल्डिंग उड़ गई।

प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज परिसर में बारिश का पानी भर गया। जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती और बलिया में करीब एक घंटे तक बारिश हुई। इससे पहले, लखनऊ में सुबह 7:45 बजे अंधेरा छा गया। तूफान आया और झमाझम बारिश हुई। कौशांबी, गोरखपुर और उन्नाव में धूलभरी आंधी चली।हाथरस में इतनी बारिश हुई कि कोतवाली सदर में पानी भर गया। सड़कों पर जलभराव हो गया। कानपुर में घरों में बारिश का पानी घुस गया। हरदोई में भी कई सड़कें पानी से लबालब नजर आईं। बारिश से जुड़े हादसों में 4 लोगों की जान चली गई है।

उन्नाव और गाजीपुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक-एक किसान की मौत हो गई। कासगंज में आंधी-बारिश के दौरान मकान का लेंटर गिरने से पति-पत्नी और बेटी की मौत हो गई।

आज 54 जिलों में बारिश का अलर्ट है। 22 शहरों में आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की गई है। क्टऊके मुताबिक, प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। इसके असर से प्री-मानसून ने जोर पकड़ लिया है। ऐसे में आंधी और बारिश का सिलसिला फिलहाल जारी रहेगा। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के 15 शहरों में बारिश हुई। 40.8 डिग्री तापमान के साथ जालौन सबसे गर्म रहा।

एसआईआर : 30 करोड़ वोटर कार्ड से हटेंगे धुंधले फोटो

अब मकान नंबर की जगह 00 नहीं लिखा जाएगा, दर्ज होगा पता



नई दिल्ली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। निर्वाचन आयोग घर-घर जाकर वोटरों की पहचान करने के अंतिम दौर में पहुंच रहा है। अब बचे हुए 39 करोड़ 73 लाख वोटर्स के दरवाजे पर दस्तक देने की तैयारी है। इस बीच भास्कर ने पड़ताल की कि स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (रक्क) के बाद मतदाता फोटो पहचान कार्ड यानी एपिक में क्या बड़े बदलाव आए हैं। रक्क के बाद अब तक तैयार 59 करोड़ मतदाताओं के फोटो न सिर्फ हाल ही के हैं बल्कि रंगीन भी हैं। चुनाव आयोग के 9 लाख 20 हजार से ज्यादा बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) ने मोबाइल से वोटरों के फोटो उनके पहचान पत्र के साथ जोड़कर मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाया है। इसके लिए इछड ने कोई फीस नहीं ली।पहले दौर में बिहार और सेकेंड फेज के 12 राज्यों के वोटर्स की घर-घर जाकर पुष्टि के बाद 59 करोड़ वोटरों के नए पहचान पत्र बने हैं। इनमें सबसे बड़ा बदलाव कार्ड की फोटो का है। पहले के करीब 30% वोटर कार्ड में फोटो थे ही नहीं। किसी में तो इतने धुंधले थे कि पहचानना मुश्किल था।

वजह ये कि संविधान में फोटो आईडी कार्ड का जिक्र ही नहीं है। ऐसे में फोटो के लिए मतदाता को बाध्य नहीं किया जा सकता था। पड़ताल से पता चला कि करीब 30 करोड़ फोटो नदारद, धुंधले, पुराने या पहचान से परे थे। जो फोटो थे वे 20-30 साल पुराने थे।

अभियान से मतदाता सूची में क्या बदल गया? सबसे अहम बदलाव यह है कि अब कोई भी मतदाता एक से ज्यादा निर्वाचन क्षेत्रों में अपना नाम दर्ज नहीं रख पाएगा। इस अभियान के तहत मतदाताओं को अपना मौजूदा निवास स्थान चुनने की पूरी छूट दी गई और बाकी सभी पुरानी जगहों से उनके नाम हटा दिए गए हैं।

कोई ज्यादा जगहों पर नाम दर्ज रखता है, तो क्या? आयोग ने इसके लिए सख्त हिदायत दी है। रक्क के दौरान सभी को अपनी गलती सुधारने का मौका दिया गया था। इसके बावजूद अगर किसी का नाम एक से ज्यादा जगह पर दर्ज मिलता है, तो इसे अब गंभीर अपराध माना जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी।

फर्जी और दोहरे वोटरों की पहचान के लिए क्या कैटेगरी है? इसके लिए आयोग ने एएसडीडी कैटेगरी बनाई है। इसका पूरा नाम अबसेंट, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, डिसीज्ड है। इसके तहत उनकी पहचान की जाएगी जो या तो मौजूद नहीं हैं, दूसरी जगह चले गए, जिनके पास दोहरे कार्ड हैं या जिनकी मौत हो चुकी है।

अब तक कितने डुप्लीकेट कार्ड हटाए जा चुके हैं? इसके परिणामस्वरूप अब तक मतदाता सूची से 2.6 लाख डुप्लीकेट एपिक नंबर पूरी तरह से हटाए जा चुके हैं। संदिग्ध वोटर्स को पकड़ने के लिए क्या तकनीक? इसके लिए चुनाव आयोग ने फोटो सिमिलर इलेक्टोर और डेमोग्राफिकली सिमिलर इलेक्टोर जैसे बेहद एडवांस एनालिटिक सॉफ्टवेयर टूल्स का इस्तेमाल किया है, जो हूबहू मिलने वाले रिकॉर्ड्स को तुरंत पकड़ लेते हैं।

चुनावों में मतदान प्रतिशत पर क्या असर पड़ेगा? लिस्ट से मृतकों, गैर-मौजूद और फर्जी मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं, इसलिए अब वास्तविक और सक्रिय मतदाता ही रिकॉर्ड में बचे हैं।

अमृतसर में कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन

अमृतसर, 13 जून (देवव्रत संवाद)। अमृतसर में कॉकरोच जनता पार्टी प्रदर्शन कर रही है। पार्टी फाउंडर अभिजीत दीपके दोपहर के वक्त गोल्डन टेंपल पहुंचे, इसके बाद वह कार में सवार होकर गोल्डन गेट पहुंचे, जहां पर प्रदर्शन के लिए भीड़ जुटी है। अभिजीत ने कहा कि यहां पर पुणे और दिल्ली से भी बड़ा प्रदर्शन होगा। गोल्डन गेट पर मंच से युवाओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो कॉकरोच जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन की अनुमति दीपके ने खुद ऑनलाइन माध्यम से लॉ एंड ऑर्डर आलम विजय से शाम 4 से 7 बजे तक ली है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस ने प्रदर्शन से पहले पूरे इलाके में जांच की। वहीं कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि जो भी इस पार्टी को समर्थन देगा या इसकी फंडिंग करेगा, वह देश के खिलाफ माना जाएगा। कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से लेकर उसके गठन तक की कहानी भी काफी दिलचस्प है। 5 मई 2026 को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान बेरोजगार युवाओं व कार्यकताओं को लेकर कथित तौर पर कॉकरोच और समाज के परजीवी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके बयान को गलत संदर्भ में पेश किया गया,।

अभिषेक मेरे बेटे जैसे, माफ करना पिता का काम है-कल्याण बनर्जी

कोलकाता, 13 जून (देवव्रत संवाद)। टीएमसी के सांसद कल्याण ने शनिवार को कहा कि अभिषेक बनर्जी मेरे बेटे जैसा है और बेटे की सभी गलतियों को माफ करना पिता का काम होता है। इससे पहले उन्होंने 11 जून को उन्होंने कहा था कि ममता बनर्जी को मुझे या अभिषेक में से किसी एक को चुनना होगा। दरअसल, गुरुवार को अभिषेक ने फर्जी साइन मामले में अपने अपना वकील बदल लिया था। पहले कल्याण इस केस में अभिषेक के वकील थे। इसके बाद कल्याण ने कहा था कि अभिषेक को सीनियर नेताओं का सम्मान करना नहीं आता। वे बहुत अहंकारी हैं। इसी वजह से पार्टी बर्बाद हुई है। शुक्रवार को अभिषेक बनर्जी ने भी कहा कि कल्याण बनर्जी मुझसे बड़े हैं। उन्हें अपने विचार व्यक्त करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने मुझे बचपन से देखा है, इसलिए मैं उनके खिलाफ कुछ नहीं बोलूंगा।कल्याण बनर्जी ने टीएमसी में हो रहा टूट पर कहा कि बागियों बीजेपी की शरण में ही जाना होगा। उन्होंने कहा कि यह सब एक चाल है। ये लोग अपने क्षेत्रों के विकास का बहाना बनाते हैं, लेकिन जो लोग अपने क्षेत्र में जा तक नहीं सकते, वे क्या काम करेंगे।उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। मुख्यमंत्री से बातचीत के बाद भी पिछले एक महीने में क्या विकास हुआ है? बीजेपी और पुलिस हमें परेशान कर रही है। पश्चिम बंगाल में किसी भी विपक्ष ने कभी ऐसी स्थिति का सामना नहीं किया है, जैसी हम कर रहे हैं।

कल्याण बनर्जी ने टीएमसी और कांग्रेस के आपस में विलय (मर्जर) की खबरों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि हम कांग्रेस के साथ कोई विलय नहीं कर रहे हैं।

प्लेन के टॉयलेट स्पीकर से 4 करोड़ का सोना जब्त

अहमदाबाद, 13 जून (देवव्रत संवाद)। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर के एक प्लेन से चार किलो सोना बरामद किया गया है। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) के अधिकारियों ने प्लेन पर छापा मारा और प्लेन के टॉयलेट से बरामद किया। इंडिगो का यह प्लेन गुरुवार को दुबई से अहमदाबाद पहुंचा था। गोल्ड कौन लेकर आया था, इसकी जांच की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर अधिकारियों ने प्लेन की जांच की। जांच के दौरान टॉयलेट में लगे स्पीकर बॉक्स के अंदर दो थैलियां मिलीं। इन थैलियों में 24 सोने के बिस्किट्स रखे हुए थे। इन 999 कैरेट के बिस्कुटों की मार्केट वैल्यू 4 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों को प्लेन से गोल्ड स्मगलिंग की खुफिया जानकारी मिली थी। गुरुवार को जैसे ही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-1478 अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहुंची तो उसकी जांच शुरू की गई। टॉयलेट से पहले भी गोल्ड स्मगलिंग की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।इसलिए एक टीम ने टॉयलेट की बारीकी से जांच की। टॉयलेट का स्पीकर बॉक्स निकाला गया तो उसका वजन काफी ज्यादा महसूस हुआ। जब बॉक्स खोला गया तो उसके अंदर ब्लैक कलर के टेप में लिपटे दो पाउच निकले। पाउच में 999.0 शुद्धता (24 कैरेट) के 24 विदेशी मूल के सोने के बिस्कुट पाए गए। इनका कुल वजन 2,799.3 ग्राम था।

हिमाचल में ड्रोन से डॉक वितरण का सफल ट्रायल

मंडी, 13 जून (देवव्रत संवाद)। हिमाचल प्रदेश में अब ड्रोन से घर-घर डाक पहुंचेगी। इस दिशा में भारतीय डाक विभाग ने मंडी में सफल ट्रायल किया। पायलट आधार पर यह ट्रायल मंडी प्रधान डाकघर से रेहड़ार शाखा तक किया गया। ड्रोन से डाक को घर-घर पहुंचाने की दिशा में ऐसा करने कदम उठाने वाला मंडी डाकघर देश का पहला पोस्ट-ऑफिस बन गया है। इस ट्रायल ने भविष्य की स्मार्ट डाक सेवाओं की नई तस्वीर पेश की है। यह हिमाचल जैसे दुर्गम क्षेत्रों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है, क्योंकि यहां पहाड़ी रास्तों में घर-घर डाक पहुंचाना चुनौती से कम नहीं है।मंडी पोस्टल डिपार्टमेंट के अनुसार, शुक्रवार को यह ट्रायल करीब 12 किलोमीटर लंबे और दुर्गम पहाड़ी मार्ग पर किया गया। ड्रोन से 12 किलोमीटर की दूरी तय करने 9 से 10 मिनट का वक्त लगा। इस रास्ते पर पैदल डाक पहुंचानी हो तो पूरा दिन लग जाता है। हालांकि अभी ड्रोन से डाक पहुंचाने का प्रोजेक्ट पायलट आधार पर शुरू किया गया है। मंडी प्रधान डाकघर की डाकपाल नेहा सांख्यायन के अनुसार, भारतीय डाक विभाग ने स्काई एयर के सहयोग से यह पहल शुरू की है। उनका कहना है कि बदलते समय में तकनीक को अपनाना जरूरी है और ड्रोन आधारित डाक सेवा आने वाले वर्षों में वितरण व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है।उन्होंने बताया कि जिस कार्य को पूरा करने में पहले पूरा दिन लग जाता था, वही काम अब ड्रोन की मदद से लगभग 10 मिनट में संभव हो सकेगा। इससे दूरदराज और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक डाक और पार्सल पहले से कहीं अधिक तेजी से पहुंच सकेंगे।

टाटा की आईफोन-पार्ट्स फैक्ट्री पर प्रदूषण फैलाने का आरोप

तमिलनाडु पॉल्यूशन बोर्ड ने बिजली काटने और प्लांट बंद करने की चेतावनी दी

TATA
TATA ELECTRONICS

नई दिल्ली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। तमिलनाडु पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने आरोप लगाया है कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की आईफोन कंपोनेंट्स फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी (वेस्टवाटर) ने पास के खेतों के भूजल यानी ग्राउंडवाटर को दूषित कर दिया है।

रेगुलेटर ने कंपनी को चेतावनी दी है कि अगर संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो फैक्ट्री की बिजली काट दी जाएगी और इसे जबरन बंद कर दिया जाएगा।टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स का यह प्लांट तमिलनाडु के होसुर में स्थित है, जहां आईफोन के बैक पैनल और अन्य पार्ट्स बनाए जाते हैं। प्लांट के पास मौजूद कृषि भूमि के मालिकों ने प्रदूषण बोर्ड से शिकायत की थी कि फैक्ट्री का वेस्टवाटर उनके खेतों और खुले कुओं के पानी को खराब कर रहा है। किसानों की इस शिकायत के बाद ही प्रदूषण बोर्ड ने मामले की जांच शुरू की थी।रेगुलेटर के नोटिस के मुताबिक, किसानों की शिकायतों के बाद दिसंबर 2025 से मई 2026 के बीच इस प्लांट का 5 बार राज्य स्तरीय निरीक्षण यानी इंसपेक्शन किया गया। 25 मई 2026 को जारी तीन पन्नों के नोटिस में बोर्ड ने कहा कि टाटा ने अपने परिसर के भीतर बने रेन वाटर हार्वेस्टिंग पोंड (वर्षा जल संचयन तालाब) में गंदा पानी छोड़ दिया था।यह तालाब ओवरफ्लो हो गया, जिससे आसपास की कृषि भूमि में स्थित खुले कुओं का भूजल दूषित हो गया। इससे पहले 23 दिसंबर 2025 को भी बोर्ड ने कंपनी को निर्देश जारी किए थे, लेकिन टाटा ने उन पर कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया।इस पूरे मामले पर टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपना रुख साफ किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उन्होंने एक मान्यता प्राप्त लेबोरेटरी से स्वतंत्र रूप से इसकी जांच (इंडिपेंडेंट एनालिसिस) करवाई है। इस स्टडी में सामने आया है कि कंपनी सभी नियामक मानदंडों (रेगुलेटरी नॉर्म्स) का पूरी तरह से पालन कर रही है।कंपनी जिम्मेदार व्यावसायिक तौर-तरीकों, पर्यावरण और स्थानीय समुदायों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने प्रदूषण अधिकारियों को अपना जवाब भेज दिया है। हालांकि, टाटा ने इस जवाब की विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

यह नोटिस एपल की भारत में मौजूद सप्लाई चेन के लिए एक नई परेशानी बनकर आया है। इससे पहले सितंबर 2024 में टाटा के इसी होसुर प्लांट में आग लग गई थी, जिससे आईफोन कंपोनेंट्स का प्रोडक्शन कुछ समय के लिए रुक गया था।

वहीं सितंबर 2023 में एपल के पूर्व सप्लायर पेगाट्रॉन के आईफोन प्लांट में भी आग लगने से कई दिनों तक कामकाज ठप रहा था। इसके अलावा 2024 में एक जांच में सामने आया था कि फॉक्सकॉन अपने एक भारतीय प्लांट में विवाहित महिलाओं को असेंबली जॉब्स से दूर रखता है, हालांकि कंपनी ने सभी नियमों के पालन का दावा किया था।टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स एपल के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि कंपनी चीन से बाहर अपने आईफोन प्रोडक्शन का विस्तार करना चाहती है। दक्षिण एशिया में ताइवान की फॉक्सकॉन के बाद टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स एपल की दूसरी सबसे बड़ी सप्लायर बन चुकी है।रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट के अनुसार, चार साल पहले वैश्विक स्तर पर बनने वाले कुल आईफोन्स में भारत की हिस्सेदारी महज 6% थी, जिसके साल 2026 में बढ़कर 26% होने का अनुमान है।

उप्र में नकली ब्रिगेडियर, नकली एनजी कमांडो के साथ गिरफ्तार

शाहजहाँपुर, 13 जून (देवव्रत संवाद)। उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर ज़िले में, स्टेशन हेडक्वार्टर शाहजहाँपुर और स्थानीय पूर्व सैनिकों के एक गुप्त ऑपरेशन के दौरान, भारतीय सेना के ब्रिगेडियर का रूप धरने वाले 21 साल के एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया गया। आरोपी ब्रिगेडियर की वर्दी में था और उसके साथ कुछ साथी भी थे जो सुरक्षाकर्मी होने का नाटक कर रहे थे; इसके बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की आगे जांच शुरू की। अधिकारियों के अनुसार, यह ऑपरेशन 12 जून को चलाया गया था। इससे पहले दो महीनों तक शाहजहाँपुर और आस-पास के इलाकों में एक संदिग्ध व्यक्ति के घूमने-फिरने की खुफिया जानकारी मिली थी, जो खुद को सेना का अधिकारी बता रहा था। सेना ने कहा कि बार-बार मिल रही रिपोर्टों से एक ऐसे व्यक्ति को लेकर चिंता पैदा हुई है जो खुद को सेना का उच्च-पदस्थ अधिकारी बता रहा है।

नेतृत्व की कमजोरी को उजागर करता है अमेरिका द्वारा भारतीय नागरिकों के मारे जाने के बावजूद प्रभावी विरोध दर्ज न कर पाना

खाड़ी में ईरान की नाकेबंदी की कवायद के दौरान अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों का मारा जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसको लेकर देश में गम व गुस्सा व्याप्त है। यूं तो कहा जाता रहा है कि भारत अमेरिका का रणनीतिक साझेदार है और क्वॉड जैसे संगठनों में भूमिका निभा रहा है, तो फिर लगातार भारत के हितों पर कुठाराघात क्यों किया जा रहा है? भले ही अमेरिका ईरान की तेल निर्यात से होने वाली आय रोकने व युद्ध समाप्त करने हेतु समझौते के लिये दबाव बनाने हेतु ये आक्रामक नीति अपना रहा हो। लेकिन जिन देशों का युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है, उनके नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? हाल में भारतीय चालक दल वाले तीन टैंकरों को अमेरिकी सेना द्वारा निशाना बनाया गया है। इसमें से, ओमान की खाड़ी में एक जहाज पर हुए हमले में भारतीय चालक दल के तीन सदस्य मारे गये हैं। जिससे भारत व अमेरिका के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वैसे औपचारिक विरोध दर्ज करते हुए भारत ने दिल्ली में एक अमेरिकी राजनयिक को तलब भी किया है। इसके बावजूद भारत के खिलाफ लगातार नकारात्मक रवैया दशार्नें वाले अमेरिका के खिलाफ सख्त स्टैंड लेने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद कि भारत क्वॉड में अमेरिका का साझेदार है। विडंबना यह भी है कि जो सूत्रधार संगठन के जरिये समुद्री आवाजाही को स्वतंत्र बनाने की बात करता है, वही अमेरिका इसमें बाधक बना है। भले ही अमेरिका इन जहाजों के प्रतिबंधित होने की बात कहे, या जहाज भारतीय न हों, लेकिन उनमें चालक दल के सदस्य तो भारतीय थे। इसकी जानकारी स्वाभाविक रूप से अमेरिका के खुफिया तंत्र को जरूर रही होगी। अमेरिका को सार्वजनिक रूप से भारतीय नाविकों के मारे जाने पर खेद जताना चाहिए। निश्चय ही भारत के निकट के समुद्री क्षेत्र में अमेरिका का निरंकुश व्यवहार निंदनीय है। कूटनीतिज्ञ विशेषज्ञ कह रहे हैं कि भारत को इस मुद्दे को सख्ती से अमेरिका के सामने उठाना चाहिए था।तमाम भारतीयों को इस मामले में विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया उदार लगती है।सवाल पूछा जा रहा है कि यदि तीन अमेरिकी नागरिक मारे जाते तो क्या अमेरिका चुप बैठता? कहा जा रहा है कि भारत का कड़ा विरोध सामने न आने के कारण होर्मुज स्ट्रेट के पास पलाऊ के झंडे वाले टैंकर पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीय के मारे जाने की घटना की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कम चर्चा हुई है। विडंबना है कि अमेरिकी सेना ने एक सप्ताह में भारतीय चालक दल वाले तीन टैंकरों को निशाना बनाया। हालांकि, सोमवार को हुए हवाई हमले के बाद ओमानी अधिकारियों ने 24 भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया था। दरअसल, ट्रंप प्रशासन की निरंकुशता के चलते ही अमेरिका रवैया वैश्विक व्यवस्था को चुनौती दे रहा है। आखिर अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र में कारोबारी जहाजों को निशाना बनाने का क्या औचित्य है? अमेरिका को यह अधिकार किसने दे दिया कि वह तटस्थ देशों के नागरिकों को निशाना बनाये? क्यों भारतीय नागरिक अमेरिका व ईरान के बीच जारी संघर्ष की कीमत चुकाएं? इस तरह का शक्ति प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सीधा उल्लंघन है तथा स्वतंत्र नौवहन के मार्ग में बाधक है। भारतीयों का गुस्सा तब कम हो जाता यदि अमेरिका मरने वाले नाविकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर देता। सही मायने में अमेरिका भारत को अपने कारोबारी हितों के साधन के रूप में तो इस्तेमाल करना चाहता है, लेकिन भारतीय आत्मसम्मान व संप्रभुता का मान नहीं रखता। भारत को बदलती अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप ही अपनी कूटनीति का निर्धारण करना चाहिए। हमें दुनिया को बताना चाहिए कि भारत एक उभरता बाजार ही नहीं है, बल्कि सबसे बड़ी आबादी वाला दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। दुनिया को संदेश जाना चाहिए कि हम अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमाओं में अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम हैं।

राष्ट्र निर्माण की अदृश्य आधारशिला का मूल्यांकन

● डा.रितु सारस्वत

यदि किसी परिवार की आय उसके आर्थिक आधार को सुदृढ़ करती है, तो घर के भीतर किया जाने वाला श्रम उस आधार को स्थायित्व प्रदान करता है। दोनों में से किसी एक के अभाव में परिवार की संरचना पूर्ण नहीं हो सकती। इसलिए घरेलू श्रम को केवल एक पारिवारिक दायित्व मानना उसके वास्तविक महत्व को कम करके आंकना होगा।

हाल ही में देश की सर्वोच्च अदालत ने शिशुपाल उर्फ शिशराम एवं अन्य बनाम सुरजीत एवं अन्य मामले में एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए भारतीय समाज के समक्ष उपस्थित एक ऐसे प्रश्न को पुनः केंद्र में ला खड़ा किया है, जिस पर लंबे समय से पर्याप्त गंभीरता से विचार नहीं किया गया। न्यायालय ने गृहिणियों को राष्ट्र निमार्ता की संज्ञा देते हुए कहा कि उनके द्वारा किया जाने वाला घरेलू श्रम केवल परिवार के संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

न्यायालय ने निर्देश देते हुए कहा कि जब कोई मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, उच्च न्यायालय अथवा यह न्यायालय किसी ऐसे मामले पर विचार कर रहा हो, जिसमें एक गृहिणी की मृत्यु हुई हो, तब मुआवजे की गणना में गृहिणियों के साथ होने वाली उस अंतर्निहित असमानता को दूर करने के लिए, जो उनकी अनुमानित आय के अत्यंत रूढ़िवादी आकलन के कारण उत्पन्न होती है, घरेलू देखभाल की हानि के अंतर्गत 30,000 रुपये प्रतिमाह की एक समेकित राशि जोड़ी जानी चाहिए। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि इस राशि में प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर संचयी रूप से 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।

प्रथम दृष्टया यह निर्णय मोटर दुर्घटना मुआवजा दावों में क्षतिपूर्ति निर्धारण से संबंधित एक सामान्य न्यायिक आदेश प्रतीत हो सकता है, किन्तु वास्तव में इसका महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह निर्णय केवल 30,000 रुपये प्रतिमाह की राशि निर्धारित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उस दृष्टिकोण में परिवर्तन का प्रतीक है, जिसके माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय ने घरेलू श्रम के सामाजिक और आर्थिक मूल्य को स्वीकार किया है। लंबे समय तक भारतीय समाज में घर के भीतर किए जाने वाले कार्यों को प्रेम, कर्तव्य और पारिवारिक दायित्व के रूप में देखा जाता रहा, जबकि उनके आर्थिक महत्व पर अपेक्षित गंभीरता से विचार नहीं किया गया।

निःसंदेह, किसी भी परिवार का सुचारु संचालन केवल आर्थिक आय पर निर्भर नहीं करता। भोजन की व्यवस्था, बच्चों का पालन-पोषण, वृद्धजनों की देखभाल, परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं का समन्वय, घर का प्रबंधन तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने जैसे असंख्य कार्य प्रतिदिन किए जाते हैं, जिनके लिए कोई वेतन निर्धारित नहीं होता। विडंबना यह है कि जिन कार्यों के बिना परिवार की संरचना की कल्पना भी नहीं की जा सकती, वही कार्य लंबे समय तक आर्थिक मूल्यांकन की प्रक्रिया से बाहर रहे। उक्त निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने आगे कहा कि यह विडंबनापूर्ण है कि गृहिणी को परिवार के कमाने वाले सदस्यों पर आश्रित बताया जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि परिवार की पूरी व्यवस्था और सुचारु संचालन काफी हद तक गृहिणी पर ही निर्भर करता है।

वास्तव में यह टिप्पणी भारतीय समाज में लंबे समय से प्रचलित उस धारणा को चुनौती देती है, जिसके अनुसार आर्थिक आय अर्जित करने वाला व्यक्ति ही परिवार का मुख्य योगदानकर्ता माना जाता है। यदि किसी परिवार की आय उसके आर्थिक आधार को सुदृढ़ करती है, तो घर के भीतर किया जाने वाला श्रम उस आधार को स्थायित्व प्रदान करता है। दोनों में से किसी एक के अभाव में परिवार की संरचना पूर्ण नहीं हो सकती। इसलिए घरेलू श्रम को केवल एक पारिवारिक दायित्व मानना उसके वास्तविक महत्व को कम करके आंकना होगा। न्यायालय ने अपने निर्णय में यह भी रेखांकित किया कि ह्यगृहिणियों का योगदान केवल बच्चों के जन्म और पालन-पोषण तक सीमित नहीं है। वे उस मानव पूंजी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिस पर किसी भी राष्ट्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति आधारित होती है। यह निर्विवादित है कि किसी भी समाज का भविष्य केवल उसके उद्योगों, संस्थानों अथवा आर्थिक नीतियों से निर्मित नहीं होता, बल्कि उन मानवीय मूल्यों, संस्कारों और क्षमताओं से भी निर्मित होता है, जिनका विकास परिवार के भीतर होता है।

वर्तमान निर्णय का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने क्षतिपूर्ति निर्धारण के संबंध में विकसित हो रहे न्यायशास्त्र को भी आगे बढ़ाया है। इस संदर्भ में न्यायालय ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम प्रणय सेठी एवं अन्य के ऐतिहासिक निर्णय का उल्लेख किया, जिसमें क्षतिपूर्ति निर्धारण के लिए कुछ पारंपरिक मदों, जैसे संपत्ति की हानि, साहचर्य की हानि तथा अंत्येष्टि व्यय को मान्यता प्रदान की गई थी। ह्यशिशुपाल उर्फ शिशराम एवं अन्य बनाम सुरजीत एवं अन्यह्न मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने इस न्यायिक दृष्टिकोण का विस्तार करते हुए घरेलू देखभाल की हानि को भी एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में स्वीकार किया है।

यह परिवर्तन केवल विधिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत अर्थपूर्ण है। किसी गृहिणी की मृत्यु के पश्चात परिवार को केवल भावनात्मक आघात ही नहीं पहुंचता, बल्कि वर्षों से संचालित हो रही देखभाल, मार्गदर्शन, संरक्षण और घरेलू प्रबंधन की वह व्यवस्था भी प्रभावित होती है, जिसका कोई प्रत्यक्ष आर्थिक मूल्य निर्धारित नहीं किया जाता। न्यायालय ने वस्तुतः इसी अदृश्य हानि को पहचानने और उसका न्यायसंगत मूल्यांकन करने का प्रयास किया है।

इस निर्णय का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष वह व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने अपनाया है। न्यायालय ने स्वीकार किया कि महिलाओं द्वारा किए जाने वाले अवैतनिक घरेलू एवं देखभाल संबंधी कार्य का आर्थिक मूल्य भारत की सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 15 से 17 प्रतिशत के समतुल्य आंका गया है। इसके बावजूद यह श्रम न तो औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा माना जाता है और न ही उसे वह सामाजिक तथा आर्थिक मान्यता प्राप्त होती है, जिसका वह वास्तविक रूप से अधिकारी है। वस्तुतः यह स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज के उस महत्वपूर्ण योगदान की ओर ध्यान आकर्षित करती है, जो प्रतिदिन किया तो जाता है, किंतु प्रायः औपचारिक गणनाओं और नीतिगत विमर्श में पर्याप्त स्थान नहीं पाता।

निश्चय ही यह निर्णय उस व्यापक सामाजिक परिवर्तन की ओर भी संकेत करता है, जिसमें पारिवारिक भूमिकाओं को पारंपरिक रूढ़ धारणाओं से परे जाकर समझने की आवश्यकता है। बदलते सामाजिक और आर्थिक परिवेश में घर तथा परिवार की देखभाल का दायित्व केवल महिलाओं तक सीमित नहीं रह गया है। आज अनेक परिवारों में पुरुष भी बच्चों के पालन-पोषण, घरेलू प्रबंधन तथा परिवार की दैनिक आवश्यकताओं के निर्वहन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

ऐसी स्थिति में होम मेकर की अवधारणा को केवल किसी एक लिंग से जोड़कर देखना न तो सामाजिक यथार्थ के अनुरूप है और न ही न्याय के व्यापक सिद्धांतों के। घरेलू श्रम का मूल्य उसके स्वरूप और योगदान में निहित है, न कि उसे करने वाले व्यक्ति के लिंग में। संभवतः यही कारण है कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में गृहिणी के प्रश्न पर विचार करते हुए भी घरेलू देखभाल और पारिवारिक उत्तरदायित्वों के महत्व को अधिक व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने का प्रयास किया है।

निस्संदेह किसी गृहिणी के योगदान का पूर्ण मूल्यांकन किसी धनराशि में नहीं किया जा सकता। तथापि यह निर्णय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम अवश्य है कि घर की चारदीवारी के भीतर किया जाने वाला श्रम भी उतना ही सम्मान और मान्यता प्राप्त करे, जितना समाज में दिखाई देने वाला अन्य कोई कार्य। न्यायालय का यह निर्णय केवल क्षतिपूर्ति निर्धारण का एक नया मानदंड नहीं, बल्कि घरेलू श्रम की गरिमा और उसके सामाजिक महत्व की औपचारिक स्वीकृति के रूप में भी स्मरण किया जाएगा।

लेखिका समाजशास्त्री हैं।

अब बिंदास खाएं मोमोज! मैदे को कहें अलविदा

ज्यादातर लोगों के मुंह में मोमोज का नाम सुनकर पानी आ जाता है। लेकिन क्या आपने बिना मैदे के मोमोज खाए हैं। अगर आपका जवाब न है, तो हम आपको घर पर आसान तरीके से बनने वाले राइस पेपर मोमोज के बारे में बताने जा रहे हैं। जो ग्लूटेन फ्री, हल्के और लो कैलोरी वाले होते हैं। इनको बनाना भी बेहद आसान है और यह बच्चे से लेकर बड़ों तक सभी लोगों को पसंद आएंगे।आप इसको अपनी पसंद की फिलिंग के साथ स्टीम या फिर एयर फ्राई दोनों तरह से बनाकर तैयार कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दो टेस्टी और हेल्दी रेसिपीज एक वेज और एक पनीर राइस पेपर मोमोज के बारे में बताने जा रहे हैं।

वेज राइस पेपर मोमोज सामग्री

राइस पेपर शीट्स - 6 से 8, पत्ता गोभी - 1/2 कप (बारीक कटी हुई), प्याज - 2 मीडियम साइज का, गाजर - 1/2 कप (कद्दूकस की हुई), सोया सॉस - 1 चम्मच, शिमला मिर्च - 1/2 कप, अदरक-लहसुन पेस्ट - 1 बड़ा चम्मच, सिरका - 1/2 चम्मच, काली मिर्च पाउडर - 1/4 चम्मच, तेल - 1 चम्मच, नमक स्वादानुसार

बनाने की विधि

एक कड़ाही में तेल गर्म कर लें और इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर हल्का फ्राई करें।

फिर इसमें शिमला मिर्च, प्याज, गोभी और गाजर डालकर 2 से 3 मिनट तक भूनें।

अब इसमें सिरका, सोया सॉस, नमक और काली मिर्च डालकर अच्छे से मिक्स करें।

गैस को बंद करके मिक्सचर को ठंडा होने के लिए रख दें। फिर एक बाउल में गुनगुना पानी लें और इसमें राइस पेपर शीट को 8 से 10 सेकेंड तक डुबोकर नरम करें। अब राइस पेपर शीट को समतल जगह पर रखें और इसके बीच में वेज स्टफिंग भरें। अब इसको किनारे को मोड़कर मोमोज का आकार दें। इनको स्टीमर में 6 से 7 मिनट तक स्टीम करें। या फिर तवा पर हल्का शैलो फ्राई कर सकते हैं। अब इसको स्पाइसी टोमैटो डिप या चिली गार्लिक सॉस के साथ सर्व करना चाहिए।

पनीर राइस पेपर मोमोज सामग्री

राइस पेपर शीट्स - 6 से 8 ,पनीर - डेढ़ कप (क्रम्बल किया हुआ), कॉर्न - ळ कप (उबला हुआ)

हरी मिर्च - 1 बारीक कटी हुई, प्याज - 1 मीडियम साइज का, धनिया पत्ते - 1 बड़ा चम्मच, नींबू रस - ० चम्मच, तेल - 1 चम्मच, नमक और काली मिर्च स्वादानुसार

बनाने की विधि

एक बाउल में प्याज, कॉर्न, पनीर, धनिया, मिर्च, नींबू रस, नमक और काली मिर्च को मिलाकर फिलिंग तैयार कर लें।

फिर राइस पेपर शीट को गुनगुने पानी में डुबोकर नरम कर लें। अब राइस पेपर शीट पर पनीर की स्टफिंग को रखकर किनारों को मोड़कर अच्छे से बंद करें।

जिससे कि यह फटे नहीं। इसके बाद मोमोज को स्टीमर में 7-8 मिनट तक स्टीम करें।

या फिर 180त्ठ में एयर फ्रायर पर 5 मिनट रखें। इसको पुदीना-दही डिप या स्वीट चिली सॉस के साथ सर्व करें।

स्पेशल टिप्स

राइस पेपर को ज्यादा समय के लिए पानी में न रखें, वरना ये फट जाएगा।

स्टफिंग को हमेशा सूखा रखना चाहिए, जिससे मोमोज की शेप बनी रहे।

आप चाहें तो इनको तवे पर हल्का घी लगाकर ग्रिल भी कर सकते हैं।

सिने जगत

मौनी रॉय बोलीं- सबसे अजीब अफवाह थी मैं गे हूं

एक्ट्रेस मौनी रॉय ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी सोशल मीडिया चचाओं और अफवाहों पर खुलकर बात की। मोनिका शर्मा के डिजिटल टॉक शो में उनसे पूछा गया कि बॉलीवुड में आने के बाद उन्होंने अपने बारे में सबसे अजीब अफवाह कौन-सी सुनी। इस पर मौनी ने जवाब दिया, ह्लयह कि मैं गे हूं।मौनी ने इस सवाल का जवाब हल्के अंदाज में दिया और साफ किया कि वह ऐसी अटकलों को गंभीरता से नहीं लेतीं। पिछले कुछ समय से उनकी निजी जिंदगी चर्चा में रही है और सोशल मीडिया पर उनके रिश्तों व दोस्ती को लेकर कई तरह के अनुमान लगाए जाते रहे हैं।

मौनी ने कहा कि उनके अच्छे-बुरे और मुश्किल दौर में करीबी महिला दोस्तों ने हमेशा साथ दिया। उनके मुताबिक मजबूत दोस्ती और सपोर्ट सिस्टम किसी भी इंसान को मुश्किल समय से बाहर आने में मदद करता है।

एक्ट्रेस ने युवा महिलाओं के लिए संदेश देते हुए कहा कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और भावनात्मक रूप से मजबूत बनना चाहिए। उनके मुताबिक आत्मनिर्भरता सिर्फ करियर नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती से भी जुड़ी होती है।मौनी ने कहा कि लोगों की राय और सोशल मीडिया की प्रतिक्रियाएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन सबसे जरूरी खुद को समझना और अपने फैसलों पर भरोसा रखना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मजबूत सपोर्ट सिस्टम बनाना चाहिए और अपनी पहचान किसी बाहरी धारणा से तय नहीं होने देनी चाहिए।मौनी का यह बयान सोशल मीडिया पर चर्चा में है और लोग उनकी बेबाकी व आत्मनिर्भरता के संदेश पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

सलमान खान ही बिग बॉस 20 को करेंगे होस्ट

रियलिटी शो ह्यबिग बॉसह्न के 20वें सीजन के लिए सलमान खान होस्ट के रूप में वापसी करेंगे। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, वह 21 सितंबर से नए सीजन की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इससे पहले सलमान खान डायरेक्टर वामसी पेडिपल्ली की आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म की शूटिंग का बड़ा हिस्सा पूरा करने की तैयारी में हैं। इस फिल्म में नयनतारा भी नजर आएंगी। सूत्र के मुताबिक, एक्टर की टीम उनकी शूटिंग और शो के शेड्यूल को कोऑर्डिनेट करने में बिजी है।

ह्यबिग बॉस 20ह्न के लिए शॉर्टलिस्टिंग और ऑडिशन जल्द शुरू होने की उम्मीद है। सूत्र का कहना है कि शो के मेकर्स ने कई जाने-माने टीवी पर्सनैलिटीज से संपर्क किया है और शुरूआती बातचीत चल रही है। रियलिटी शो के कुछ कंटेस्टेंट्स को नए सीजन के लिए भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। यह पहल डळळ दर्शकों के एंगेजमेंट को देखते हुए की जा रही है। इसके अलावा, शो के कुछ पुराने कंटेस्टेंट्स भी वापस आ सकते हैं। शो के फॉर्मेट और कंटेस्टेंट लिस्ट के बारे में और जानकारी आने वाले हफ्तों में सामने आ सकती है। बता दें कि ह्यबिग बॉस 19 में गौरव खन्ना, फरहाना भट्ट, अमाल मलिक, तान्या मित्तल और बसीर अली जैसे कंटेस्टेंट शामिल थे। वहीं, सलमान खान डायरेक्टर अपूर्व लाखिया की फिल्म मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस में नजर आएंगे। इस फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी हैं। सलमान फिल्म में कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है।बिग बॉस का आइडिया 1997 में नीदरलैंड में शुरू हुए शो बिग ब्रदर से लिया गया था। भारत में यह शो 2006 में आया। शुरूआत में इसे ज्यादा सफलता नहीं मिली, लेकिन समय के साथ यह सबसे चर्चित रियलिटी शो में से एक बन गया। पहले सीजन में राहुल रॉय और कैरोल ग्रेसियस जैसे नाम थे। शो के पहले होस्ट अरशद वारसी थे, फिर शिल्पा शेट्टी और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों ने शो को होस्ट किया। 2010 से सलमान इस शो को होस्ट कर रहे हैं।

पीओके की जनता को पाकिस्तानी जुल्मों से निजात दिलाने के लिए क्या भारत को सीधे दखल देना चाहिए?

● नीरज कुमार दुबे

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अब हालात सिर्फ बिगड़ नहीं रहे हैं बल्कि यह इस्लामाबाद के खिलाफ खुले जनविद्रोह का रूप ले चुके हैं। जिन लोगों को पाकिस्तान दशकों से अपने कब्जे का हिस्सा बताकर दुनिया के सामने कश्मीर का झूठा राग अलापता रहा, वही लोग आज सड़कों पर उतरकर उसके दमनकारी चेहरे को बेनकाब कर रहे हैं। आटे पर सब्सिडी, बिजली दरों में कमी, रोजगार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नागरिक अधिकारों जैसी बुनियादी मांगों को लेकर शुरू हुआ आंदोलन अब पाकिस्तान की औपनिवेशिक नीतियों के खिलाफ व्यापक जनआक्रोश में बदल चुका है।

जम्मू-कश्मीर ज्वाइंट आवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन को कुचलने के लिए पाकिस्तानी सेना, रेंजर्स और पुलिस ने जिस बर्बरता का प्रदर्शन किया है, उसने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, लाठीचार्ज हुआ, आंसू गैस के गोले दागे गए और इंटरनेट सेवाएं बंद कर पूरे क्षेत्र को अंधेरे में धकेल दिया गया। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार अब तक दर्जनों नागरिक मारे जा चुके हैं और हजारों गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। रावलाकोट, मीरपुर, कोटली, भीमबर और पुंछ जैसे क्षेत्रों में हालात विस्फोटक बने हुए हैं।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिन लोगों की जमीनों को डुबोकर मंगला बांध बनाया गया, उन्हीं लोगों को आज आसमान छूते बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को ऊर्जा देने वाला यह विशाल बांध स्थानीय जनता के लिए अभिशाप बन चुका है। हजारों परिवार उजड़ गए, लेकिन पुनर्वास तक नहीं मिला। प्राकृतिक संसाधनों का दोहन पाकिस्तान करता है, लेकिन उसका लाभ स्थानीय जनता को नहीं मिलता। यही कारण है कि यह आंदोलन अब केवल आर्थिक नहीं, बल्कि अस्तित्व और सम्मान की लड़ाई बन गया है।

पाकिस्तान ने तथाकथित विधानसभा और संविधान का ढांचा तो खड़ा किया, लेकिन असली सत्ता हमेशा इस्लामाबाद और रावलपिंडी के हाथों में रही। वहां की विधानसभा महज कठपुतली संस्था बनकर रह गई है। हाल ही में आरक्षित सीटों को लेकर आए फैसले ने जनता के गुस्से को और भड़का दिया। इन सीटों के जरिये पाकिस्तान अपनी पसंद की सरकारें थोपता है और कश्मीरी आवाजों को कुचल देता है। यही कारण है कि लोग अब खुलकर कह रहे हैं कि पाकिस्तान उन्हें नागरिक नहीं, गुलाम समझता है।

स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि पाकिस्तान ने संयुक्त आवामी एक्शन कमेटी को प्रतिबंधित कर दिया है। इसके नेताओं के सिर पर इनाम घोषित किए गए हैं। पत्रकारों को गिरफ्तार किया जा रहा है, मीडिया पर सेंसरशिप थोप दी गई है और इंटरनेट बंद कर सच्चाई छिपाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन दमन जितना बढ़ रहा है, जनाक्रोश उतना ही उग्र हो रहा है। ब्रिटेन और अमेरिका में बसे कश्मीरी प्रवासियों ने भी पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। यह वही प्रवासी समुदाय है जिसे पाकिस्तान वर्षों तक भारत विरोधी प्रचार के लिए इस्तेमाल करता रहा। मगर अब वही लोग इस्लामाबाद के दमन के खिलाफ दुनिया को सच बता रहे हैं। पाकिस्तानी सेना ने पीओके के लोगों के साथ जो बर्बरता की है उसके खिलाफ गुस्सा इतना ज्यादा है कि लोग नारे लगा रहे हैं कि पाकिस्तानी सेना को कुत्ता कहना कुत्ते की तौहीन है। बाइट।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो यह पाकिस्तान के लिए बेहद खतरनाक स्थिति है। यह संकट उसे सीधे 1971 की याद दिला रहा है, जब दमन और सैन्य बल के सहारे पूर्वी पाकिस्तान को दबाने की कोशिश ने अंततः बांग्लादेश के निर्माण का रास्ता खोला था। आज पीओके में भी वही हालात दिखाई दे रहे हैं। जनता का भरोसा टूट चुका है और पाकिस्तान केवल बंदूक के दम पर कब्जा बनाए रखना चाहता है। लेकिन इतिहास गवाह है कि भय के सहारे किसी क्षेत्र को लंबे समय तक नियंत्रित नहीं रखा जा सकता।

उधर, भारत के लिए यह स्थिति सामरिक और कूटनीतिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जमीनी हकीकत यह है कि वैसे तो पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है लेकिन पीओके में पाकिस्तान का कब्जा अवैध है। अब जब वहां की जनता खुद पाकिस्तान के खिलाफ उठ खड़ी हुई है और भारत के साथ मिलने की बातें मुखर होने लगी हैं तो सवाल उठता है कि भारत को क्या पीओके में सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए? इस सवाल पर अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ बंटे हुए नजर आ रहे हैं। कई विश्लेषकों का कहना है कि सीधे हस्तक्षेप की बजाय भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के मानवाधिकार उल्लंघनों को और आक्रामक तरीके से उठाना चाहिए। उनका कहना है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय देशों और वैश्विक मानवाधिकार संगठनों के सामने यह प्रश्न मजबूती से रखना होगा कि आखिर पाकिस्तान किस नैतिक आधार पर कश्मीर की बात करता है, जब उसके कब्जे वाले क्षेत्र में जनता को जीने तक का अधिकार नहीं है।

कुछ विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यदि भारत ने पीओके में सीधे हस्तक्षेप किया तो यह सीधे सैन्य दखल के रूप में देखा जायेगा और यह दो परमाणु शक्तियों के बीच संघर्ष का खतरा बढ़ा सकता है। वैसे भी पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद और उकसावे की नीति अपनाता रहा है इसलिए वह किसी भी प्रत्यक्ष कार्रवाई को युद्ध का बहाना बना सकता है। इसलिए भारत को अत्यंत संतुलित लेकिन दृढ़ रणनीति अपनानी होगी।

विश्लेषकों का कहना है कि भारत के पास कई विकल्प हैं। जैसे पीओके की जनता के साथ मानवीय और सामाजिक संपर्क बढ़ाना, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को घेरना, सीमा पर सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाना क्योंकि पाकिस्तान ध्यान भटकाने के लिए आतंकवादी घुसपैठ बढ़ा सकता है। साथ ही पीओके के लोगों के लिए राजनीतिक संदेश देना होगा कि भारत उन्हें अपना नागरिक मानता है और उनके अधिकारों के साथ खड़ा है। विश्लेषकों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पीओके के लिए आरक्षित 24 सीटों को सक्रिय राजनीतिक प्रक्रिया से जोड़ने पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

बहरहाल, फिलहाल भारत के लिए सबसे प्रभावी रास्ता यही है कि वह धैर्य, कूटनीति और रणनीतिक दबाव का संयोजन अपनाए। पीओके में जो आग भड़की है, वह केवल आर्थिक संकट का परिणाम नहीं, बल्कि दशकों के दमन, शोषण और राजनीतिक अपमान का विस्फोट है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी समस्या यह है कि अब उसका झूठ उसके अपने कब्जे वाले क्षेत्र में ही टूट रहा है। जिस जमीन को वह कश्मीर की आजादी का प्रतीक बताता था, वहीं की जनता आज उसके खिलाफ आजादी की आवाज बुलंद कर रही है। हालात साफ संकेत दे रहे हैं कि आने वाले समय में पीओके का भारत के साथ स्वाभाविक जुड़ाव और तेज हो सकता है। स्थानीय जनता जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ आरपार की लड़ाई के मूड़ में दिखाई दे रही है, उससे स्पष्ट है कि इस्लामाबाद के लिए अब केवल बंदूक और दमन के सहारे वहां अपनी पकड़ बनाए रखना आसान नहीं रहेगा। स्थानीय जनता के भीतर पाकिस्तान विरोधी भावना लगातार गहरी हो रही है। यदि पाकिस्तान ने अपनी दमनकारी नीतियां नहीं बदलीं, तो वह दिन दूर नहीं जब पीओके की जनता खुद पाकिस्तान के कब्जे को खुली चुनौती देते हुए भारत के साथ खड़े होने का रास्ता चुन सकती है।

सेवा,सुशासन और विकास से बदली चन्दौली की सूरत-संजीव गोंड

पीडीडीयू नगर(चंदौली), 13 जून **(देवव्रत संवाद)**। केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ₹सेवा,संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ थीम के तहत जनपद चन्दौली में विकास की नई इबारत लिखी गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान जनपद के प्रभारी मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण) संजीव कुमार गोंड ने डबल इंजन सरकार की प्रमुख उपलब्धियों का लेखा-जोखा पेश किया।प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में चन्दौली आज आकांक्षी जनपदों की सूची में अग्रणी स्थान पर है।नीति आयोग की रैंकिंग में चन्दौली ने कई बार देश में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रशासनिक कुशलता का लोहा मनवाया है।उन्होंने कहा जनपद में कनेक्टिविटी और चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए अरबों रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारा गया है।रू 274 करोड़ की लागत से बाबा कीनाराम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय और रु 16.39 करोड़ से ट्रामा सेन्टर का निर्माण किया गया है।रु 1294 करोड़ की लागत से 242 सड़कों और ?618 करोड़ से 12 बड़े सेतुओं का निर्माण कार्य कराया गया है।इसके साथ ही ?949 करोड़ की लागत से वाराणसी रिंग रोड फेज-2 और ?994 करोड़ से 6-लेन वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड हाईवे का निर्माण गति पकड़ रहा है।जल जीवन मिशन के तहत रु 19,522 करोड़ की भारी-भरकम राशि से 1498 राजस्व ग्रामों में पाइपलाइन द्वारा पेयजल पहुँचाया जा रहा है।जनपद के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों राजदरी-देवदरी (रु 4.19 करोड़), औरवाटांड, छानथापर और बाबा कीनाराम स्थल (रु18.37 करोड़)का सुंदरीकरण कर इन्हें नई पहचान दी गई है।

स्वास्थ्य और लोक कल्याण(हर वर्ग को मिला सम्मान)

जनपद के 5,70,762 लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड देकर मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई,4.94 लाख महिलाओं और 4.71 लाख बच्चों का टीकाकरण किया गया,जबकि 2.37 लाख से अधिक महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ मिला।राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत रिकॉर्ड 14,70,160 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें लाभान्वित किया गया। जनपद के 2,75,775 किसानों के खातों में रु 895 करोड़ की 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' सीधे ट्रांसफर की गई। मनरेगा के तहत 370.24 लाख मानव दिवस का सृजन करते हुए रु 1,16,011.14 लाख की धनराशि व्यय की गई,जिसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 13,735 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया। जनपद में 490 बीसी सखी और 269 विद्युत सखियां ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सेवाएं दे रही हैं।उन्होंने कहा जनपद में आवास योजनाओं के तहत क्रांति आई है। रु 638 करोड़ से 49,118 प्रधानमंत्री आवास(ग्रामीण), रु 241 करोड़ से 9,662 प्रधानमंत्री आवास(शहरी)और ?119 करोड़ की लागत से 9549 मुख्यमंत्री आवासों का निर्माण कर गरीबों को छत दी गई।वृद्ध,दिव्यांग और निराश्रित महिलाओं को संबल देते हुए 1.05 लाख से अधिक बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन और 38 हजार से अधिक महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन दी जा रही है। साथ ही लाखों पिछड़े,अनुसूचित जाति/जनजाति और सामान्य वर्ग के छात्रों को पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति से लाभान्वित किया गया।उन्होंने कहा आपरेशन कायाकल्प के तहत 1182 प्राथमिक विद्यालयों का जीर्णोद्धार किया गया।जनपद के 359 स्कूलों में स्मार्ट क्लास और 70 विद्यालयों में नीति आयोग के पल-टैबलब कार्यक्रम का संचालन हो रहा है। पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 3,31,762 व्यक्तिगत शौचालय और 700 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया।प्रभारी मंत्री ने कहा सम्बोधित करते हुए कहा₹डबल इंजन की सरकार जाति,धर्म से ऊपर उठकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक 'सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ पहुँच रही है।चन्दौली का यह विकास मॉडल इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है।प्रेस वार्ता के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में सैयदराजा विधायक सुशील सिंह,जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग,मुख्य विकास अधिकारी आर जगत साई मौजूद रहे।

महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक

पीडीडीयू नगर(चंदौली), 13 जून **(देवव्रत संवाद)**। उ०प्र० शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आकाश पटेल के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा बाजारों,ग्रामीण क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर महिलाओ/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया।महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के संबंध में संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर,181 महिला हेल्पलाइन, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला योजना,प्रदेश में स्थापित महिला शरणालय,शक्ति सदन व सखी निवास योजनाओं के बारे में बताया गया।साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख कानूनों यथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न(निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष), अधिनियम, 2013, दहेज निषेध अधिनियम, 1961 (संशांधित 1986) तथा गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के प्रमुख प्रावधानों के बारे में आमजन को जागरूक किया गया।इन अभियानों के माध्यम से महिला एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।द्वितीय चरण के दौरान साइबर सुरक्षा जागरूकता पर भी विशेष बल दिया जाएगा।महिलाओं व बालिकाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग, ऑनलाइन फ्रॉड व साइबर अपराध से बचाव के संबंध में प्रशिक्षित किया जाएगा।साथ ही थाना स्थानीय पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

रेलवे ट्रैक के पास मिली अज्ञात युवती, हालत गंभीर, मौत

गोपीगंज, 13 जून **(देवव्रत संवाद)**। कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर-सराय जगदीश मार्ग स्थित भीमपुर शिवाला मंदिर के पास शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात युवती गंभीर हालत में मिली। युवती के शरीर पर कई जगह चोट के निशान और फटे कपड़े मिले।ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और एम्बुलेंस से उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार सुबह करीब 5 के लगभग रेलवे ट्रैक के किनारे युवती घायल अवस्था में पड़ी दिखी। वह बेहोश थी और शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। कपड़े भी फटे हुए थे। ग्रामीणों ने तुरंत एम्बुलेंस और पीआरबी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवती कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं थी जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज आसपास के जिलों में पहचान कराने के प्रयास में लगी रही।

457 ग्राम पंचायतों में चला विशेष स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्ति अभियान

पीडीडीयू नगर(चंदौली), 13 जून **(देवव्रत संवाद)**। केंद्र सरकार के गौरवमयी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे जनपद में उत्साह का माहौल है।इस अवसर पर 08 जून से 14 जून 2026 तक जिला स्तर पर सात दिवसीय विशेष जन संपर्क और स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में शनिवार 13 जून 2026 को जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छता को लेकर एक व्यापक मुहिम देखने को मिली।

शनिवार को चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत जनपद की 457 ग्राम पंचायतों की मलिन बस्तियों को लक्षित किया गया।सुबह से ही विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता कर्मी,स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भारी संख्या में इस अभियान का हिस्सा बनने सड़कों और गलियों में उतरे।

कर्मचारियों और ग्रामीणों का मिला भारी सहयोग,इस विशेष स्वच्छता और प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान को सफल बनाने में कुल 1206 कर्मचारियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।श्रमदान करने वालों में 335 महिला कर्मी और 871 पुरुष कर्मी शामिल रहे। सभी ने मिलकर मलिन बस्तियों के कोने-कोने को साफ किया और नालियों व सार्वजनिक स्थानों की मुस्तैदी से सफाई की।

764 किलो प्लास्टिक कचरे का हुआ निस्तारण,पर्यावरण संरक्षण और गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से इस अभियान के दौरान 'प्लास्टिक एकत्रीकरण' पर विशेष जोर दिया गया। कर्मचारियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से मात्र एक दिन में कुल 764 किलोग्राम सिंगल-यूज प्लास्टिक और अन्य प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया गया।एकत्रित किए गए इस भारी-भरकम प्लास्टिक कचरे को तुरंत सुरक्षित तरीके से निस्तारण के लिए भेजा गया,ताकि पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुँचे।

अधिकारियों ने अपील करते हुए कहा ₹यह अभियान सिर्फ एक हफ्ते का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को एक संस्कार बनाने का प्रयास है।केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर हम अपने गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाकर इस उत्सव को सार्थक कर रहे हैं।चौदह जून को इस सात दिवसीय विशेष अभियान का समापन होगा,प्रशासन ने अंतिम दिन भी बड़े स्तर पर जागरूकता और जन संपर्क कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की है।

पुल मरम्मत कार्य के दृष्टिगत यातायात डायवर्जन व्यवस्था हुई लागू

पीडीडीयू नगर(चंदौली), 13 जून **(देवव्रत संवाद)**। मालवीय पुल (राजघाट पुल)पर मरम्मत कार्य के दृष्टिगत यातायात डायवर्जन व्यवस्था हुई लागू।कैण्ट से पड़ाव मार्ग पर स्थित मालवीय पुल(राजघाट पुल)के ड्रेनेज स्पाउट एक्सपेंशन ज्वाइंट की मरम्मत का कार्य मेसर्स कन्स्ट्रक्शन इक्यूमेन्ट कम्पनी, शास्त्री नगर,मेरठ द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।उक्त कार्य के दौरान दिनांक 14.06.2026 से 13.08.2026 तक प्रतिदिन रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:30 बजे तक पड़ाव चौराहे से सूजाबाद पुलिस चौकी एवं राजघाट पुल की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के ऑटो,टोटो एवं मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।वैकल्पिक मार्ग (डायवर्जन)-उक्त अवधि में पड़ाव चौराहे से आने वाले ऑटो,टोटो एवं मालवाहक वाहन निम्न वैकल्पिक मार्ग से अपने गंतव्य को जा सकेंगे-पड़ाव चौराहा, रामनगर,सामनेघाट,विश्व सुन्दरी पुल, बहादुरपुर होते हुए रिंग रोड के रास्ते अपने गंतव्य स्थान को जाएगें।जनपद पुलिस आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अनुरोध करती है कि निर्धारित अवधि में लागू यातायात डायवर्जन व्यवस्था का पालन करें तथा वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर सहयोग प्रदान करें,जिससे मरम्मत कार्य सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जा सके तथा यातायात व्यवस्था सुचारु संचालित रहे।

जौनपुर में ढाई करोड़ की ऑनलाइन ठगी में युवक गिरफ्तार

जौनपुर , 13 जून (देवव्रत संवाद)। साइबर क्राइम सेल को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ढाई करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके नेटवर्क का पदार्फाश किया है। आरोपी लोगों को लोन, इन्वेस्टमेंट, टूर एंड ट्रैवल्स तथा इंश्योरेंस पैकेज का झांसा देकर साइबर ठगी को अंजाम देता था।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि बरसठी थाना क्षेत्र के पपरावन निवासी शुभम सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके कब्जे से 3 एंड्रॉइड मोबाइल, 3 कीपैड मोबाइल, 4 सिम कार्ड, 15 एटीएम कार्ड, 9 बैंक पासबुक, 7 चेकबुक, फर्जी आधार कार्ड तथा 1.45 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं, जिन्हें साइबर ठगी से अर्जित धनराशि बताया जा रहा है। जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को कम ब्याज पर लोन, आकर्षक निवेश योजनाएं और टूर पैकेज उपलब्ध कराने का लालच देता था। इसके बाद प्रोसेसिंग फीस, वेरिफिकेशन चार्ज और अन्य शुल्क के नाम पर रकम वसूलकर लोगों को ठगी का शिकार बनाता था।

ठगी से प्राप्त धनराशि फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कर तत्काल निकाल ली जाती थी। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्यों में साइबर अपराध के मामले दर्ज हैं। राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर भी उसके विरुद्ध 20 से अधिक शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। प्रारंभिक जांच में गिरोह द्वारा करीब 2.5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी किए जाने की बात सामने आई है। साइबर सेल अब आरोपी के बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और सहयोगियों की जानकारी जुटाने में लगी है। पुलिस का मानना है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी जल्द सामने आ सकते हैं।

एम.सी.एच विंग में मनाया गया 'कन्या जन्मोत्सव, 20 नवजात बच्चियों को मिली बेबी किट

पीडीडीयू नगर(चंदौली), 13 जून **(देवव्रत संवाद)**। महिला कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित एम.सी.एच. विंग के एस.एन.सी.यू., पी.एन.सी.और एल.आई.सी.यू.वार्ड में'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'योजना के अंतर्गत एक भव्य 'कन्या जन्मोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान अस्पताल में जन्मीं 20 नवजात बच्चियों की माताओं और परिजनों को बेबी किट वितरित कर खुशियां मनाई गईं।

सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी, कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं और उनके परिजनों को महिला व बाल विकास से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए संचालित विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के प्रति भी जागरूक किया गया।

कन्या सुमंगला योजना का लाभ उठाने की अपील, महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों ने नवजात बालिकाओं के अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना'का लाभ अवश्य लें।इसके लिए निर्धारित श्रेणी के तहत सभी आवश्यक दस्तावेजों (वांछित अभिलेखों) के साथ समय से आवेदन करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।इस गरिमामयी कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला कल्याण विभाग की जिला मिशन को-ऑर्डिनेटर श्रीमती रागिनी सिंह,रंजना श्रीवास्तव और रीना त्रिपाठी की मुख्य भूमिका रही।इसके अलावा अस्पताल प्रशासन की ओर से पी.एन.सी.वार्ड इंचार्ज सोनम यादव समेत चिकित्सा विभाग के अन्य कर्मचारी और पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

सशक्त विचारधारा का वाहक है विद्यार्थी परिषद-शानू सिंह

जौनपुर , 13 जून (देवव्रत संवाद)। विद्यार्थी परिषद मिजार्पुर में आयोजित अभ्यास वर्ग के उपरांत जनपद आगमन पर नवीन दायित्व प्राप्त कार्यकताओं के स्वागत एवं सम्मान हेतु एक समारोह का आयोजन किया गया। परिषद के विभिन्न स्तरों पर नवीन दायित्व प्राप्त करने वाले कार्यकताओं का सम्मान किया गया।

अभ्यास वर्ग में संगठनात्मक प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक के रूप में शानू सिंह, विभाग छात्रा प्रमुख के रूप में साधना सोनकर, जिला प्रमुख के रूप में प्रो. हरिओम त्रिपाठी, जिला संयोजक के रूप में हर्ष सिंह तथा जिला छात्रा प्रमुख के रूप में रिया शुक्ला को दायित्व प्रदान किया गया। साथ ही परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी को संगठन द्वारा विभाग प्रमुख का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान प्रो. राजदेव दुबे ने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण की सशक्त विचारधारा का वाहक संगठन है। परिषद के कार्यकर्ता समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करते हैं, जो उन्हें अन्य संगठनों से विशिष्ट बनाती है।

थाना समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निवारण का प्रयास

शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त रूप से सात टीमों का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिए गए निर्देश

भदोही , 13 जून **(देवव्रत संवाद)**। शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित ₹थाना समाधान दिवस₹ के क्रम में आज जनपद के समस्त थानों पर ₹थाना समाधान दिवस₹ का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

इसी क्रम में समस्त थानों पर पुलिस टीम द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों के साथ उपस्थिति रह कर किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए पुलिस विभाग से संबंधित समस्त प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा राजस्व विभाग से संबंधित समस्त प्रार्थना पत्रों का ,गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को

निर्देशित किया गया। जनता के शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके।

आज आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान थाना गोपीगंज पर सी0ओ0 ज्ञानपुर चमन सिंह चावड़ा, थाना प्रभारी एवं प्रशासनिक टीम की उपस्थिति में थाने पर प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। तथा जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त कुल- 142(राजस्व विभाग से सम्बंधित 117 पुलिस से-24 व 01 अन्य) प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग से सम्बन्धित सभी 24 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु व्यापक निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शुभांगी शुक्ला एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस ने एक वांछित को किया गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर(चंदौली), 13 जून (देवव्रत संवाद)।उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में थाना चकिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 154/2026 धारा 115(2)/126(2)/137(2)/64(2)(I) बीएनएस व ₹(2)पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अख्तर पुत्र अकरम निवासी गोगहरा थाना बबुरी जनपद चन्दौली को मड़ईपुर नहर पुलिया से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।पकड़ा गया वंचित अख्तर पुत्र अकरम निवासी गोगहरा थाना बबुरी जनपद चन्दौली निवासी बताया जाता है।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई

महिला ने मारपीट का लगाया आरोप, आठ लोगों के खिलाफ दी तहरीर

गोपीगंज, 13 जून (देवव्रत संवाद)। कोतवाली के चकनिरंजन गांव निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर आठ लोगों पर लाठी-डंडों से मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मेडिकल कराकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में रामसवारी देवी पत्नी जिलाजीत उपाध्याय ने बताया कि 12 जून को दिन में करीब 2 बजे वह अपनी चक्की के पास काम कर रही थीं। तभी अचानक विपक्षियों एक होकर हाथ में लाठी लेकर आए। पीड़िता का आरोप है कि सभी लोगों ने उन्हें मारना-पीटना शुरू कर दिया और अभद्रता करते हुए मां-बहन की गालियां दीं। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। तहरीर पर पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच में जुटी।

आरक्षी का शराब के नशे वाला वीडियो वायरल

जौनपुर , 13 जून (देवव्रत संवाद)। एक मुख्य आरक्षी का शराब के नशे में धुत होने का वीडियो सामने आया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य आरक्षी रामधनी यादव को निलंबित कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।वीडियो में मुख्य आरक्षी रामधनी यादव शराब के नशे में रोते-बिलखते और अपने थाना प्रभारी पर टिप्पणी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह वर्दी में ही बेसुध पड़े थे, जिससे उनकी पैंट भी गीली हो गई थी। रामधनी यादव सुजानगंज थाने में तैनात हैं। उन्हें बक्शा क्षेत्र के कौली गांव में हुई अजय सिंह की हत्या के मामले में ड्यूटी पर लगाया गया था।राहगीरों और स्थानीय लोगों ने इस दृश्य को देखकर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। वीडियो सामने होने के बाद स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त की कि यदि पुलिसकर्मी ही ऐसी हालत में होंगे, तो आम जनता की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।

ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर

जौनपुर , 13 जून (देवव्रत संवाद)। बदलापुर क्षेत्र में हरपालगंज रेलवे स्टेशन के पास शनिवार की सुबह में चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारी, पुलिस और आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच गए।युवक किसी ट्रेन में यात्रा कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं और वह रेलवे ट्रैक के किनारे घायल अवस्था में पड़ा मिला। घटना के बाद मौके पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तत्काल रेलवे प्रशासन और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और आरपीएफ की टीम ने घायल युवक को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, घायल युवक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। उसके पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है। रेलवे प्रशासन यह पता लगाने में जुटा है कि युवक किस ट्रेन से गिरा और हादसे की वजह क्या रही।

टीबी रोगियों के नजदीकियों की स्क्रीनिंग का निर्देश

जौनपुर , 13 जून (देवव्रत संवाद)। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में 24 मार्च से संचालित 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि जनपद के कुल 848 हाई रिस्क ग्राम पंचायतों के सापेक्ष कुल 313 हाई रिस्क ग्राम पंचायतों में अभी तक आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाकर टीबी स्क्रीनिंग का कार्य किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त केंद्र प्रभारियों को इस अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करवाते हुए जनप्रतिनिधिगण की भी सहभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु समन्वय के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद को प्राप्त कुल 4 हैंड हेल्ड एक्सरे मशीन का अधिकतम प्रयोग करते हुए हाई रिस्क ग्राम पंचायतों के 60 वर्ष से ऊपर के लोगों, जिन्हें मधुमेह है,जो धूम्रपान एवं शराब का सेवन करते हो,सभी कुपोषित एवं टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले लोंगो को प्राथमिकता के आधार पर एक्स रे जांच करके टीबी रोग की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रकार की गतिविधियों को सोशल मीडिया पर शेयर किये जाने के निर्देश दिए जिससे व्यापक स्तर पर लोगों को इसके संबंध में जागरूक किया जा सके।समीक्षा बैठक में 100 दिवसीय अभियान के प्रगति का प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम के जिला समन्वयक सलिल कुमार यादव के द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ गंगा राम गौतम, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ अन्य सहयोगी विभागों के जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इंन्सुलिन कैप्सूल कन्ट्रोल करेगा शुगर

जौनपुर , 13 जून (देवव्रत संवाद)। वरिष्ठ चिकित्सक डा0 वीएस उपाध्याय ने बताया है कि जो भी मरीज सुगर के हैं अगर सुगर कन्ट्रोल नही होता है , शुगर की गोलियों से कन्ट्रोल नही हो पा रहा है तो उसके तीन तरीके है । इन्सुलिन कैप्सूल के पावर फार्म में ले सकते है। जिसे इन्हेल्ड इन्सूलिन कहते है। जिसमें सुई नहीं लगाना पड़ता। दूसरा वेरी लाग इन्युलिन लाकडेक कहते है। न्यू ड्रग फराम एफडीए एप्रूवड सप्ताह में एक बार के लिए स्वीकृत प्राप्त है। सप्ताह में एक बासर लगाये रोज लगाने से छुटकारा मिलेगा।तीसरा अगर सुगर के साथ वजन ज्यादा हो तथा दोनों कन्ट्रोल करना हो तो इन्जेक्षन सप्ताह में सप्ताह में मात्र एक बार लगानी है। उन्होने कहा कि उपरोक्त तरीके से अपने सुगर कन्ट्रोल करें तथा टारगेट आर्गन का डेमेज होने होने से बचावें

चोरी के दो मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

जौनपुर , 13 जून (देवव्रत संवाद)। बढती चोरी/तस्करी की घटनाओ के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चेलकिंग अभियान के तहत जीआरपी थानाध्यक्ष थानाध्यक्ष सुनील कुमार गोंड़ के नेतृत्व में चेकिंग की जा रही थी, इस दौराने जौनपुर जक्शन के प्लेटफार्म न0- 01 पर मौजूद थे कि आरपीएफ चौकी प्रभारी जफराबाद हरकेश कुमार ने शाहगंज साइड की तरफ बने फुट ओवर ब्रिज के सीढी के नीचे एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोबाइन यात्री को दिखाकर बेचने की बात चीत कर रहे राकेश मोदनवाल पुत्र जोगेन्द उर्फ योगेन्द वनवासी पुराना थाना कस्बा सरायमीर थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़ गिरफ्तार करके उसके कब्जे से दो अदद मोबालइ (वीवो कम्पनी व आईक्यू कम्पनी चोरी का) बरामद हुआ । अभियुक्त को धारा 305(सी),317, 305(सी),317(2)बीएनएस का अनावरण करते हुये उसे न्यायालय जौनपुर भेजा गया ।

योग से जागृत होता है ऊर्जा और आत्मविश्वास- कुलपति

जौनपुर , 13 जून (देवव्रत संवाद)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व आयोजित विशेष योग सत्र में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के नेतृत्व में पूर्वांचल विश्वविद्यालय का इनडोर स्टेडियम सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और उत्साह से सराबोर हो उठा। विश्वविद्यालय की कुलपति ने स्वयं योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के लगभग 600 छात्र-छात्राओं को योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। कुलपति ने विभिन्न योगासनों एवं ध्यान की विधियों का प्रशिक्षण देते हुए योग के महत्व पर कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और व्यक्तित्व विकास का सशक्त आधार है। योग व्यक्ति के तन, मन और आत्मा को जोड़कर जीवन को संतुलित, स्वस्थ और उद्देश्यपूर्ण बनाता है। उन्होंने भारतीय ऋषि-मुनियों और महापुरुषों के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि योग के माध्यम से उन्होंने न केवल दीघार्यु प्राप्त की, बल्कि अद्भुत ऊर्जा, एकाग्रता और कार्यक्षमता का परिचय भी दिया। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे अपनाकर युवा पीढ़ी स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

मोदी सरकार में विकास ने गाजीपुर में पकड़ी रफ्तार-रविन्द्र जायसवाल

गाजीपुर, 13 जून (देवव्रत संवाद)। केंद्र सरकार के सफल, संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज जनपद गाजीपुर स्थित रायफल क्लब सभागार के कलेक्ट्रेट कक्ष में मा0राज्य मंत्री (स्व0 प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश में सुशासन, सेवा, विकास एवं जनकल्याण की दिशा में हुए परिवर्तनकारी कार्यों को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के समक्ष वर्ष 2014 के पश्चात केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश तथा जनपद में कराए गए विकास कार्यों, लोककल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में हुए सकारात्मक बदलावों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। माननीय प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने समन्वित प्रयासों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। सरकार की प्राथमिकता किसानों की आय वृद्धि, महिलाओं का सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसर सृजन, गरीब एवं वंचित वर्गों का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान तथा प्रदेश में सुशासन की व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, कृषि उत्पादन को प्रोत्साहन देने तथा सिंचाई संसाधनों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अनेक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। कृषि आधारित विकास के साथ-साथ ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों को बढ़ावा देने एवं किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का कार्य भी किया गया। आवास एवं आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में पात्र परिवारों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने के साथ स्वच्छता अभियान को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया गया। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छ वातावरण के निर्माण तथा जीवन स्तर में सुधार के लिए निरंतर कार्य किए गए। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं अन्य पात्र वर्गों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान की गई। बालिकाओं के कल्याण, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने हेतु संचालित योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। परिवारों के जीवन स्तर में सुधार तथा समाज के कमजोर वर्गों को सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने की दिशा में विशेष प्रयास किए गए। जल आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के क्षेत्र में सरकार द्वारा व्यापक कार्य करते हुए घर-घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित की गई। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता तथा पात्र नागरिकों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया। शिक्षा क्षेत्र में विद्यालयों के कायाकल्प, शैक्षिक वातावरण में सुधार तथा आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। रोजगार सृजन, गरीब कल्याण तथा खाद्य सुरक्षा से संबंधित योजनाओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभान्वित किया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान जनपद में कराए गए महत्वपूर्ण निर्माण एवं विकास कार्यों का भी उल्लेख किया गया, जिनमें अधोसंरचना विकास, शिक्षा संस्थानों का उन्नयन, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, परिवहन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने वाले कार्य तथा जनसुविधाओं से जुड़ी परियोजनाएं प्रमुख रहीं। कहा कि इन विकास कार्यों ने जनपद को नई गति प्रदान करने के साथ नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किया है।

मा0 मंत्री जी ने ह्यह्यसेवा संस्कार, सुशासन एवं सम्मानह्णह्ण थीम पर केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनपद मे रू. 23349 करोड़ की लागत से कुल 340.824 किलो मीटर पूर्वाचल एक्सप्रेसवे गाजीपुर से लखनऊ तक निर्माण कार्य पूर्ण।

रू. 3647 करोड़ की लागत से वाराणसी से गोरखपुर तक फोर लेन हाईवे का निर्माण कार्य 2021 में पूर्ण कराते हुए गाजीपुर के 51 गॉव को फोर लेन से जोड़ा गया। उद्योग को बढ़ावा देने हेतु इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण हेतु तहसील मुहम्मदाबाद में 180 हे0 की भूमि अधिगृहित की गयी हैं। रू.2756.66 करोड़ की लागत से ग्रामीण जल जीवन मिषन (ग्रामीण) के अन्तर्गत 2196 राजस्व ग्रामो में कार्य प्रारम्भ किया गया जिसमें से 818 राजस्व ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका षेषश्में कार्य प्रगतिषील है। रू. 7.04 करोड़ की लागत से अमृत योजना के अन्तर्गत षहरी क्षेत्रो में 21000 हजार परिवारों को लाभान्वित किया गया।

सिंगरौली पहुंचे विनोद गोटिया, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

सिंगरौली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। मध्य प्रदेश तीर्थ क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया के सिंगरौली आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं। रेलवे स्टेशन पर स्वागत के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने विनोद गोटिया का स्वागत करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों तथा क्षेत्र के विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा भी की।

इस अवसर पर पूर्व देवसर विधायक सुभाष रामचरित वर्मा, पूर्व सीड़ा अध्यक्ष गिरीश द्विवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोरवा विनोद सिंह कुरूवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोरवा भूपेंद्र गर्ग (बंटी) तथा आलोक यादव, दीपक पाण्डेय, रामजी शुक्ल और आदित्य त्रिपाठी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि विनोद गोटिया के सिंगरौली आगमन से स्थानीय कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

देवसर क्षेत्र से चार भैंसें लापता, सुराग देने वाले को मिलेगा 10 हजार का इनाम

सिंगरौली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। जिला अंतर्गत जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ाडाण से चार भैंसों के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर परेशान पशु स्वामियों ने संयुक्त रूप से लापता भैंसों की सही जानकारी देने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 5 जून 2026 की शाम करीब 4 बजे ग्राम बूढ़ाडाण से चार भैंसें अचानक गायब हो गईं। पशु स्वामियों ने आसपास के गांवों और हाट-बाजारों में काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। गायब पशुओं में एक काले रंग की मुर्रा भैंस, एक मुर्रा जैसी भैंस (जिसके गले में घंटी बंधी है), एक देसी भैंस (जिसके दोनों सींगों की पुली टूटी हुई है) और एक करीब तीन वर्ष का काला पाड़ा शामिल है। पशु स्वामी मनोज कुमार द्विवेदी, शीतल विश्वकर्मा और गड्डू ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इन पशुओं के बारे में कोई जानकारी मिले, तो वे तत्काल मोबाइल नंबर 62653 39206 पर संपर्क कर सकते हैं। सही सूचना देने वाले को 10 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा तथा उसकी पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

विनीता सिंह होगी रोटरी क्लब की नई अध्यक्ष होंगी

गाजीपुर, 13 जून (देवव्रत संवाद)। देवगन सिनेक्स सुहासिनी परिसर स्थित रोटरी क्लब गाजीपुर के कार्यालय में निदेशक मंडल की आकस्मिक बैठक संपन्न हुई बैठक में आगामी सत्र के अध्यक्षा व सचिव के अतिरिक्त निदेशक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे` बैठक में आगामी सत्र 2026-27 की नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीता सिंह व उनकी पूरी टीम आगामी 01 जुलाई से अपना पदभार ग्रहण करेंगी रोटरी क्लब गाजीपुर के डायरेक्टर क्लब सर्विस रोटेरियन संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 72 वर्ष के इतिहास में यह पहला अवसर जब किसी किसी महिला सदस्य को क्लब के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया` आगामी वर्ष में अध्यक्ष व सचिव दोनों ही पदों पर महिला सदस्य है जो कि रोटरी क्लब गाजीपुर का संचालन करेंगी` उन्होंने बताया कि आगामी 5 जुलाई 2026 को होटल नन्द रेजीडेंसी में नए अध्यक्ष व सचिव का पदग्रहण समारोह आयोजित किये जाने की सम्भावना है इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्षा रोटेरियन विनीता सिंह ने बताया कि विगत कई वर्षों से वह रोटरी क्लब तथा इनर व्हील क्लब गाजीपुर जुडी है एवं कई बार उन्होंने इनर व्हील क्लब के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला है` इसके अतिरिक्त वह रोटरी क्लब गाजीपुर में भी सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर कार्य कर चुकी हैं अपने पुराने अनुभवों तथा अन्य रोटरी सदस्यों के सहयोग एवं साथी महिला सचिव के साथ मिलकर अपने आगामी कार्यकाल में भी पूरी निष्ठां के साथ अपने कर्तव्यों का निवर्हन करेंगी` उन्होंने बताया कि उनकी अध्यक्षता में रोटरी क्लब अपने पुराने कार्यक्रमों के अतिरिक्त नए परियोजनाओं पर भी कार्य करेगी ताकि समाज के जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाया जा सके बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्षा रो० विनीता सिंह, नवनिर्वाचित सचिव रो० सुमन सर्राफ, डायरेक्टर क्लब सर्विस रो० संजीव कुमार सिंह के अतिरिक्त रो० बरुन कुमार अग्रवाल, रो० अरबिंद कुमार शर्मा, रो० सैयद जीशान जिया, रो० संतोष कुमार वर्मा, , रो० विनय कुमार सिंह, इनर व्हील अध्यक्षा झ मंजू सेठ आदि पदाधिकारी उपस्थित थे

ट्रेन से कटकर अधेड़ की दर्दनाक मौत

गाजीपुर, 13 जून (देवव्रत संवाद)। बीती रात सैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हसनपुर डगरा गांव के पास गोरखपुर औड़िहार रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर सैदपुर के रावल गांव निवासी 55 वर्षीय ट्रैक्टर ड्राइवर अदालत यादव की मौत हो गई। पुलिस ने रात को ही शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित मोर्चरी हाउस भेज दिया। शनिवार को मृतक के सबसे छोटे पुत्र शिव प्रकाश की सूचना पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई जारी है। अदालत यादव मूल रूप से सैदपुर के खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मौधा गांव के रहने वाले थे। सैदपुर कोतवाली अंतर्गत रावल गांव में अपने ससुर स्वर्गीय नरोत्तम यादव द्वारा दी गई अचल संपत्ति की देखभाल हेतु बीते कई वर्षों से ससुराल में ही रह रहे थे। वह अपन पीछे पत्नी लक्ष्मीना देवी के साथ तीन पुत्रों और एक पुत्री को छोड़ गए हैं।

बेटी की विदाई के बाद सामान समेट रहे पिता की आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत

गाजीपुर, 13 जून (देवव्रत संवाद)। जनपद के सादात ब्लॉक के जगदीशपुर गांव में शनिवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय पन्ना लाल पुत्र श्यामलाल के रूप में हुई है। यह घटना उनकी बेटी की शादी के बाद सामान समेटते समय हुई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को पन्ना लाल की बेटी करीना की शादी थी, जिसकी बारात आई थी। शनिवार सुबह बेटी की विदाई के बाद, पन्नालाल शादी के लिए लगे टेंट और अन्य सामान समेट रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक मौसम बदल गया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बाहर पड़े सामान को हटाने के दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से पन्नालाल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते भीड़ जमा हो गई। पन्नालाल की मौत की खबर से परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी गीता और पुत्र विशाल सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि पन्नालाल एक मेहनती और मिलनसार किसान थे। वे खेती-बाड़ी और पशुपालन के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके असामयिक निधन से परिवार के सामने आर्थिक और सामाजिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। उनका कहना है कि पन्ना लाल परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। वहीं, चौकी इंचार्ज भीमापार रविन्द्र कुमार ने बताया कि आकाशीय बिजली से मौत हुई है, और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सीवर गैस पाइपलाइन कार्य में घोर लापरवाही

सिंगरौली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 40, ताली सेन बस्ती में इन दिनों सीवर गैस पाइपलाइन डालने का काम स्थानीय लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। निर्माण कार्य में जुटे ठेकेदार द्वारा सुरक्षा मानकों को ताक पर रखने के कारण आए दिन मुख्य मार्ग पर गाड़ियां धंसने और फंसने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कार्यस्थल पर न तो सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग की गई है और न ही यातायात डायवर्जन के पुख्ता इंतजाम हैं, जिससे पूरे वार्ड में भारी नाराजगी है। वार्डवासियों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से सड़क खोदकर मलबे को जस का तस छोड़ दिया गया है। लोगों ने याद दिलाया कि पिछले वर्ष भी पानी सप्लाई लाइन के काम के दौरान इसी तरह की लापरवाही की गई थी, जिसके अधूरे गड्ढे आज भी हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि आगामी 15 जून से स्कूल खुलने वाले हैं। यदि समय रहते इन गड्ढों को भरकर सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो स्कूली वाहनों के पलटने का बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

नेशनल हाईवे जाम करने वाले 30 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज

सिंगरौली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। बरगवां थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-39 (ठल्ल-39) पर चक्काजाम करने वाले 30 से अधिक लोगों के खिलाफ पुलिस ने शनिवार को कड़ी कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस कार्रवाई के जरिए कानून हाथ में लेने वाले अराजक तत्वों को सख्त संदेश दिया है।

यह मामला गुरुवार को बरगवां के बेटहाडांड क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे से जुड़ा है, जहाँ ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार सीताराम पाल की मौत हो गई थी। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मृतक के शव को सड़क पर रखकर एनएच-39 को पूरी तरह ठप कर दिया था। इस चक्काजाम के कारण करीब पांच घंटे तक हाईवे पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही, जिससे दोनों ओर लंबा जाम लग गया और आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस जांच और वीडियो फुटेज के आधार पर चक्काजाम में शामिल मुख्य लोगों की पहचान की गई। पुलिस ने राजू वैश्य, रामदेव पाल, कमल कुशवाहा, सुरेंद्र कुशवाहा, श्यामधारी कुशवाहा और रामानुज पाल सहित 30 से अधिक लोगों के खिलाफ विभिन्न कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

बरगवां थाना प्रभारी मोहम्मद समीर ने बताया कि हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार सड़क जाम करना एक कानूनन अपराध है। किसी भी दुर्घटना के बाद सार्वजनिक मार्ग को बाधित नहीं किया जा सकता। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत पुलिस-प्रशासन को दें, लेकिन कानून अपने हाथ में न लें। भविष्य में भी ऐसे मामलों में पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी।

बिजली विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, एच-बीम पोल चोरी के मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

सिंगरौली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। जिले में बिजली विभाग और पुलिस ने एक बड़ी संयुक्त कार्रवाई करते हुए विद्युत पोल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने मौके से छह आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहा। यह कार्रवाई शुक्रवार रात ग्राम खेड़ाही के सेमुआ मोड़ स्थित बंधौरा पावर प्लांट के पास की गई। बिजली विभाग के अनुसार, 5 और 6 जून की दरम्यानी रात क्षेत्र से छह नए एच-बीम पोल चोरी हो गए थे। इसके बाद विभाग ने सतर्कता बरतते हुए इलाके में निगरानी बढ़ा दी थी। शुक्रवार रात जब आरोपियों ने दोबारा पोल चोरी करने का प्रयास किया, तभी मुस्तैद टीम ने घेराबंदी कर छह लोगों को दबोच लिया और उन्हें बंधौरा चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। बंधौरा चौकी प्रभारी बीएल बंसल ने बताया कि कार्रवाई के दौरान चोरी की वारदात में इस्तेमाल किया जा रहा एक वाहन भी चिन्हित कर जब्त किया गया है। वाहन मैसर्स नीलकमल ट्रेडर्स कंपनी के नाम पर पंजीकृत है। बिजली विभाग और पुलिस अधिकारियों ने कहा कि फरार आरोपी की तलाश जारी है और पकड़े गए लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि सार्वजनिक संपत्ति और विद्युत अधोसंरचना को नुकसान पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

सिंगरौली-सोनभद्र में विश्वास, विकास और जनकल्याण का सशक्त आधार बन रही एनसीएल की सीएसआर पहलें

सिंगरौली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से सिंगरौली, सोनभद्र तथा आसपास के क्षेत्रों में सतत एवं समावेशी विकास को निरंतर बढ़ावा दे रही है। विशेष रूप से पिछले 12 वर्षों में एनसीएल ने सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वर्ष 2013-14 में सीएसआर व्यय 39 करोड़ था, जो वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 146 करोड़ हो गया है। विगत 12 वर्षों में एनसीएल ने सिंगरौली परिक्षेत्र में सतत सामाजिक विकास पर 1370 करोड़ खर्च कर विभिन्न जनकल्याणकारी पहलों के माध्यम से लगभग 10 लाख लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लायी है।

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में सिंगरौली, सोनभद्र तथा आसपास के क्षेत्रों में संचालित कंपनी की सीएसआर पहलें समावेशी एवं सतत विकास के लक्ष्य को साकार कर रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास, स्वच्छ पेयजल, आधारभूत संरचना निर्माण तथा ग्रामीण आजीविका जैसे क्षेत्रों में ये पहलें सिंगरौली परिक्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव ला रही हैं। एनसीएल अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत सिंगरौली में लगभग 76 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किए जा रहे इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग टेक्नोलॉजी को वित्तीय सहयोग प्रदान कर रही है। यह संस्थान क्षेत्र की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप माइनिंग इंजीनियरिंग की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएगा। संस्थान का संचालन तकनीकी शिक्षा संचालनालय, भोपाल द्वारा किया जाएगा।

केंद्र एवं राज्य सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लक्ष्यों को साकार करने में एनसीएल द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पूरक की भूमिका निभा रहा है। इस केंद्र के माध्यम से एनसीएल सिंगरौली, (मध्य प्रदेश), सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) एवं सूरजपुर (छत्तीसगढ़) के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने का सार्थक प्रयास कर रही है। कंपनी की इस सीएसआर पहल के अंतर्गत प्रतिवर्ष लगभग 2,000 दिव्यांगजन स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी, आवश्यक परामर्श, कृत्रिम उपकरण एवं अन्य पुनर्वास सेवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

गंभीर/जानलेवा बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए सहारा बनी ह्यचरकह्ण योजना-एनसीएल ह्यचरक झ कम्युनिटी हेल्थः ए रिस्पॉन्सिव एक्शन फॉर कोयलांचलह्ण सीएसआर पहल के माध्यम से कंपनी की परिचालन परिधि (सिंगरौली परिक्षेत्र) में निवासरत लोग, जो चिह्नित गंभीर/जानलेवा बीमारियों जैसे- कैंसर, टीबी, एचआईवी, हृदय रोग, किडनी प्रत्यारोपण जैसे रोगों ग्रस्त हैं एवं आर्थिक रूप से कमजोर हैं, को निःशुल्क उपचार उपलब्ध करवा रही है। अभी तक कुल ?8.50 करोड़ के प्रावधान के साथ संचालित इस परियोजना के अंतर्गत जीवन-घातक बीमारियों से पीड़ित 13 मरीजों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। एनसीएल ने हरित सीएसआर पहलों के माध्यम से स्थानीय परिक्षेत्र की गोपद और मयार नदियों के कैचमेंट क्षेत्र की सफाई, चेक डैम और परकोलेशन डैम निर्माण जैसी गतिविधियों पर 9.53 करोड़ रुपये व्यय कर जल संरक्षण और भूजल स्तर सुधार की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस परियोजना से क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ाने और मिट्टी कटाव रोकने में सहायता मिली है।

सिंगरौली के आईटीआई वैढ़न तथा सोनभद्र के आईटीआई दुद्धी के विकास पर एनसीएल ने 3.86 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में प्रशिक्षण के माध्यम से 1,350 से अधिक युवाओं, महिलाओं और परियोजना प्रभावित परिवारों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया गया है। सोनभद्र स्थित सेवा कुंज आश्रम, चपकी में एनसीएल द्वारा किए गए समग्र विकास कार्यों से लगभग 300 आदिवासी एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है। परियोजना के अंतर्गत ऑडिटोरियम, इंडोर स्पोर्ट्स और तीरंदाजी प्रशिक्षण जैसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की गई हैं। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के उपचार हेतु संचालित नन्हा-सा-दिल-एनसीएल परियोजना के तहत सिंगरौली, सोनभद्र और आसपास के क्षेत्रों में 38,000 से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है। अब तक 240 बच्चों की निःशुल्क हृदय शल्य चिकित्सा कराई जा चुकी है।

एनसीएल, एनएससी में आगामी गुरुवार को लगेगा निः शुल्क कैंसर जांच शिविर

सिंगरौली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत के तत्वाधान में आगामी गुरुवार (18 जून) को निः शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ से चिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा उपस्थित सभी का कैंसर संबंधी विभिन्न लक्षणों के आधार पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जन में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शुरूआती स्तर पर ही इसके लक्षणों की पहचान करना है, जिस से कि समय पर सही इलाज शुरू हो सके। इस दौरान स्थानीय परिक्षेत्र के लोग शिविर में आकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। गौरतलब है कि एनसीएल एनएससी द्वारा समय-समय पर स्थानीय समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु ऐसे अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल, तमाशबीन बनी रही भीड़

सिंगरौली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। माड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुटार मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। रजमिलान के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को इतनी जोरदार टक्कर मार दी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर गिरने के कारण युवक के सिर में गिट्टी का बड़ा टुकड़ा धंस गया और वह लहूलुहान होकर वहीं पड़ा रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब 11 बजे हुए इस हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बेहद शर्मनाक बात यह रही कि लोग काफी देर तक तमाशबीन बने रहे, लेकिन किसी ने भी घायल को अस्पताल पहुंचाने की पहल नहीं की। इसी बीच वहां से गुजर रहे क्षत्रिय कुलवंत संगठन के सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। संगठन के सदस्यों ने ही माड़ा थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। घायल युवक की पहचान वीरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। माड़ा थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि शनिवार को मामले में औपचारिक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। पुलिस घटना के साक्ष्य जुटाकर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, घायल युवक का उपचार लगातार जारी है और उसकी हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने घायल की जान बचाने के लिए सामाजिक संगठन के युवाओं की सराहना की है।

पचौर में शासकीय तालाब से अवैध मिट्टी खनन पर छापा, हाईवा और पीसी मशीन जब्त

सिंगरौली, 13 जून (देवव्रत संवाद)। जिले के बरगवां तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचौर में शासकीय तालाब से अवैध मिट्टी खनन के मामले में प्रशासन ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। तहसीलदार दीपेंद्र सिंह तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे राजस्व अमले ने मौके पर अचानक छापा मारकर अवैध खनन में जुटी कई हाईवा गाड़ियों तथा एक पीसी मशीन को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पचौर स्थित शासकीय तालाब से पीसी मशीन का उपयोग कर बड़े पैमाने पर मिट्टी निकाली जा रही थी। यह मिट्टी टीएचडीसी परियोजना से जुड़ी सिमकोन कंपनी द्वारा देवरा स्थित निजी रेलवे साइडिंग तक पहुंचाई जा रही थी। स्थानीय ग्रामीणों से लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक टीम ने मौके पर यह दबिश दी। जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि तालाब की अवैध खुदाई से न केवल शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा था, बल्कि तालाब की जल संग्रहण क्षमता पर भी बुरा असर पड़ रहा था। तहसीलदार दीपेंद्र सिंह तिवारी ने सख्त लहजे में कहा कि शासकीय भूमि या तालाबों पर किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। फिलहाल राजस्व एवं खनिज विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है।

दो बाईकों के भीषण टक्कर में एक की मौत ,दो घायल

सादात/गाजीपुर, 13 जून (देवव्रत संवाद)। मजुई चौराहे के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में क्षेत्र के इकरा कुड़वां गांव निवासी व बिहार राज्य में शिक्षक छोटू राम 25 की मौत हो गई। वहीं मृतक के चाचा सहित दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। दोनों को गंभीर हालत में ट्रामा सेन्टर भेजा गया है। इस घटना की जानकारी स्वजनों को होने पर घर में मातम छा गया। जानकारी अनुसार इकरा कुड़वां गांव निवासी रामपुकार राम के तीन पुत्रों में सबसे छोटा पुत्र छोटू राम शनिवार को अपाची बाइक पर अपने चाचा सुरेश कुमार के साथ अपनी बहन जो जखनियां में रहती हैं उनके घर गये थे साथ में अपनी एक अन्य बहन की शादी हेतु लड़का देखने निकले थे। कि मजुई पेट्रोल पंप से तेल भराकर जैसे ही रोड़ पर आये कि विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य बाइक सवार से आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें गंभीर हालत होने पर पुलिस ने सीएचसी ले ग ई जहां पर छोटूराम की मौत हो गई। वहीं चाचा सुरेश राम व दूसरी बाइक सवार सूरज बनवासी मुडियारी भुड़कुडा को गंभीर हालत में वाराणसी रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों बाइक सवार हेलमेट नहीं लगायें थे तथा सूरज बनवासी नशे में बुत था। मां निर्मला देवी सहित भाई व बहनों का रो रोकर बुरा हाल था।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मुकदमा दर्ज

भांवरकोल/ गाजीपुर, 13 जून (देवव्रत संवाद)। थाना क्षेत्र के महेशपुर (प्रथम) गांव के पास रानीपुर मौजा स्थित अपनी मकान में फखनपुरा निवासी मकसूद खां उर्फ बाबर की पत्नी शबा परवीन(27) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर शुक्रवार की रात पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया। मृतका शबा परवीन के ससुरालीजन शबा परवीन की मौत को आत्महत्या बता रहे हैं, जबकि मृतका की मां दिलदारनगर थाना क्षेत्र के चिउटहां निवासी अकबरी बेगम पत्नी कैश खां ने दी गई तहरीर में ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मार डालने का आरोप लगाया है। तहरीर में मृतका शबा परवीन की मां अकबरी बेगम ने ससुराली जनों पर आरोप लगाते हुए कहा है की लगभग 7 वर्ष पूर्व उसकी पुत्री सभा परवीन की शादी मकसूद उर्फ बाबर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही अक्सर उसके ससुराल जनों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता रहा। गत 10 जून को भी उसे मारा पीटा गया और 12 जून को उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी श्याम सिंह और प्रभारी थानाध्यक्ष मोरध्वज दुबे अपने सहकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधि कार्यवाही में जुट गई। विवाहिता शबा परवीन के दो पुत्र आदिल (6) और 3 वर्षीय आतिफ है। घटना के बाद दोनों पुत्रों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतका शब्बा परवीन की मां अकबरी बेगम का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष मोरध्वज दुबे ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेजा गया है। बताया कि मृतका की मां अकबरी बेगम द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मृतका शबा परवीन के पति , सास ,ससुर , तीन देवर तथा ननद के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना एवं दहेज हत्या का मामला पंजीकृत कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा और तदनुसार आगे की करवाई की जाएगी।

उभरती फुटबॉल प्रतिभाओं को मिला प्रोत्साहन, शाक्षी ट्रेडर्स ने प्रदान की आकर्षक जर्सी

भांवरकोल/ गाजीपुर, 13 जून (देवव्रत संवाद)। क्षेत्र की उभरती फुटबॉल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शाक्षी ट्रेडर्स के मालिक एवं समाजसेवी अजय राय (कुंडेसर) ने पुरवांचल एफसी फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को आकर्षक जर्सी प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित अवसर और सहयोग प्रदान करने की है। उन्होंने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आश्वासन दिया कि खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए वे आगे भी हर संभव सहयोग करते रहेंगे।

थाना समाधान दिवस आयोजित, 28 में से 2 मामलों का मौके पर निस्तारण

समाधान दिवस पर 304 शिकायतें मिलीं, 15 का मौके पर निस्तारण, डीएम-एसएसपी ने दिए निर्देश

मऊ 13 जून (देवव्रत संवाद)। मऊ के घोसी कोतवाली परिसर में शनिवार को उपजिलाधिकारी अशोक सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 22 मामले राजस्व विभाग से और 6 मामले पुलिस विभाग से संबंधित थे। पुलिस विभाग के दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार अभिषेक वर्मा और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय ने भी फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उपजिलाधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी निस्तारण करना है। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को समय पर न्याय मिल सके और उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय ने कहा कि पुलिस से संबंधित शिकायतों को पूरी गंभीरता के साथ सुना जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हर प्रकरण में निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आमजन का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत हो।कार्यक्रम में उपनिरीक्षक विजयशंकर, अशोक सिंह, कानूनगो मतीन खान, लेखपाल अरविंद पांडेय, नगर पंचायत के शादाब खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिकायतकताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का नियमानुसार और समयबद्ध समाधान किया जाएगा।

सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी आनंद वर्धन और पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने कोतवाली नगर थाने पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।जनपद के अन्य सभी थानों पर भी क्षेत्राधिकारियों और प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों ने जनशिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जनपद के विभिन्न थानों पर कुल 304 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।इनमें से 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए राजस्व टीमों को आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। इसका उद्देश्य शिकायतों का निष्पक्ष और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है।

एक रक्तदान से बचती है तीन जिंदगी - डा. संजय सिंह

मऊ 13 जून (देवव्रत संवाद)। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान खून, प्लेटलेट्स एवं प्लाज्मा के माध्यम से तीन लोगों की जिन्दगी बचाता है। रक्तदान को लेकर लोगों को भ्रम में नहीं रहना चाहिए। वर्ष मे कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे कैंसर होने की संभावना कम हो जाती है। साथ ही वजन कम होना तथा रक्त बनने की प्रक्रिया और तेज हो जाती है। यह बातें संस्थान निदेशक, चेयरमैन डॉ संजय सिंह ने व्यक्त किया। शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर शारदा नारायण एनिमिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के अवसर पर व्यक्त किया। मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। शारदा नारायण एनिमिया फाउंडेशन द्वारा प्रति माह थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को लगभग 50 यूनिट रक्त दिया जाता है। शारदा नारायण में स्थापित अत्याधुनिक ब्लड बैंक के माध्यम से प्रतिवर्ष से हजारों लोगों को जीवन बचाया जाता है। रक्तदान शिविर में शारदा नारायण नर्सिंग एंड पैरामेडिकल पहसा गड़वा 12 विद्यार्थियों ने अपने रक्त का महादान किया। इस अवसर पर डॉ राहुल कुमार, डॉ मलिक अताउर रहमान, शिवकुमार सिंह आदि ने संबोधित किया। रविवार को विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान का अभियान चलता रहेगा।

प्रवक्ता भर्ती परीक्षा आज, 10 केंद्रों पर 4315 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

मऊ 13 जून (देवव्रत संवाद)। मऊ जिले में रविवार को जीआईसी प्रवक्ता की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले के 10 केंद्रों पर सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक 4315 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक, एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। इसके अतिरिक्त, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को रिजर्व में भी रखा गया है। लोक सेवा आयोग द्वारा जारी निदेशों के अनुसार, विधि व्यवस्था की समस्या या कर्फ्यू की स्थिति में अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र को ही कर्फ्यू पास माना जाएगा। इससे परीक्षार्थियों को केंद्र तक पहुंचने में कोई असुविधा नहीं होगी। इस संबंध में मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की गड़बड़ी या नकल की जानकारी मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीमांकन कराकर अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा रामकुंड - एसडीएम

घोसी (मऊ), 13 जून (देवव्रत संवाद)। तहसील मुख्यालय के दक्षिण स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामकुंड इन दिनों अतिक्रमण, गंदगी और उपेक्षा का शिकार होकर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा पोखरे की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है, जबकि आसपास के लोग कूड़ा-कचरा भी उसी में फेंक रहे हैं। इससे रामकुंड का अस्तित्व और धार्मिक महत्व दोनों खतरे में पड़ गए हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार भगवान राम के वनवास काल से जुड़ी मान्यता के कारण यह स्थल रामकुंड के नाम से प्रसिद्ध है। किंतु वर्तमान में पूरा कुंड झाड़-झंखाड़, जलकुंभी और कूड़े-कचरे से पट गया है। लोगों का आरोप है कि आसपास के कुछ मकानों के शौचालयों का निकास भी पोखरे में जोड़ दिया गया है, जिससे जल प्रदूषित हो रहा है। वहीं कुछ दुकानदार मुर्गा एवं बकरों के अवशेष भी पोखरे में फेंक देते हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और वातावरण दूषित हो रहा है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि पोखरे की जद में आने वाली भूमि पर अतिक्रमण कर कुछ लोगों ने निर्माण कार्य भी करा लिया है। बगल में स्थित मदरसे के छात्र भी गंदगी और दुर्गंध के बीच पढ़ाई करने को विवश हैं।

ओमप्रकाश रंजन, बुद्धिसेन मौर्य, सत्यम तथा रमेशचंद समेत कई लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि रामकुंड का तत्काल सीमांकन कराकर अतिक्रमण हटाया जाए, नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए तथा इसका सुंदरीकरण कर इसे धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि प्राचीन रामकुंड का सीमांकन कराया जाएगा। यदि अतिक्रमण पाया गया तो उसे हटाकर कुंड को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा तथा इसकी साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों को शोकाज नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

मंडी समितियों की खराब वसूली पर डीएम नाराज स्पष्टीकरण और चेतावनी

बलिया, 13 जून, (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में कर- करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लक्ष्य के अनुरूप वसूली न होने पर संबंधित अधिकारियों के प्रति कड़ा रुख अपनाया।

समीक्षा के दौरान नगर पालिका परिषद बलिया में राजस्व वसूली में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए अधिशासी अधिकारी (ईओ) को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं नगर पालिका बांसडीह में अपेक्षाकृत कम राजस्व वसूली पर नाराजगी जताते हुए दो माह के भीतर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के चारों खंडों में राजस्व वसूली की स्थिति संतोषजनक न मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चारों विद्युत खंडों के अधिशासी अभियंताओं (एक्सईएन) एवं संबंधित अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

मंडी समिति बलिया में राजस्व वसूली में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने मंडी समिति के चेयरमैन से स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं मंडी समिति बेल्थरारोड में वसूली की खराब स्थिति पर संबंधित मंडी सदस्य को चेतावनी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मंडी समिति रसड़ा को भी राजस्व वसूली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों के राजस्व वसूली लक्ष्य को इसी माह में पूर्ण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम को देखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों के नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों एवं शहरों में नालों की साफ- सफाई समय से सुनिश्चित कराई जाए, ताकि जलभराव जैसी समस्याओं से लोगों को राहत मिल सके। बैठक में सीडीओ ओजस्वी राज, एडीएम अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, सीआरओ गुलशन जी, समस्त एसडीएम एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

डा प्रभुनाथ से पट्टी मुहम्मद उर्फ काजीपुरा को जाने वाली सड़क जर्जर

घोसी (मऊ), 13 जून (देवव्रत संवाद)। स्थानीय नगर के डा प्रभुनाथ रोड से पट्टी मुहम्मद उर्फ काजीपुरा को जाने वाली लगभग पांच सौ मीटर तक सड़क के जगह जगह टूटकर गड्ढे में परिवर्तित होने से लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जिससे लोगों में रोष व्याप्त है ।इस संबंध में क्षेत्रीय लोगों ने मांग किया है कि जनहित में खराब सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कराया जाये।जिससे लोगों को आने जाने में आसानी हो। घोसी नगर के डा प्रभुनाथ रोड होते हुए पट्टी मुहम्मद उर्फ काजीपुरा को जाने वाली सड़क के जगह जगह टूटकर गड्ढे में परिवर्तित हो जाने से क्षेत्रीय लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करने के साथ ही आये दिन किसी काम से तहसील एवं ब्लाक आने वाले साइकिल सवार आये दिन गड्ढों के चलते गिरकर चोटिल होते रहते है। इस संबंध में राजेश कुमार , चंदू भाई एवं काजी अरशद हुसैन आदि ने मांग किया है कि जनहित में खराब सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत किया जाय ।

पैमाइश के दौरान अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, न्यायालय के आदेश पर सात के विरुद्ध प्राथमिकी

मुहम्मदाबाद गोहना के भातकोल गांव में हुआ था विवाद

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पैमाइश के दौरान सिविल कोर्ट के दिलीप सिंह पर जानलेवा हमला की घटना में न्यायालय के आदेश पर मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के भातकोल निवासी अबरार, आमीर, इसरार, महबूब आदि सहित सात के खिलाफ मारपीट एवं हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज की गई है। वादी मुकदमा हलधरपुर थाना क्षेत्र के पिंडोहरी गांव निवासी अधिवक्ता दिलीप सिंह का आरोप है कि आठ अप्रैल 2026 को भातकोल निवासी मजहरूद्दीन के खेत की पैमाइश के लिए हल्का लेखपाल के साथ मौके पर गए थे। शाम पांच बजे पैमाइश खत्म हो गई। दोनों पक्ष रजामंदी से पैमाईश पर संतुष्टि के साथ हस्ताक्षर कर दिए थे। इस बीच किसी बात को लेकर दोनों पक्ष में मारपीट हो गई। मौके पर दिलीप सिंह भी मौजूद थे। आरोप है कि आरोपियों के साथ सरायलखंसी थाना क्षेत्र के आड़ेडीह गांव निवासी योगेंद्र सिंह और नूरुल हसन तथा एक अज्ञात ने लाठी डंडा और लोहे के रॉड से हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। आरोपी नूरुल हसन ने असलहा से फायर भी किया लेकिन गोली मिस होने के कारण उनकी जान बच गई। आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनके जेब से 700 रुपया भी निकाल लिया। घटना की सूचना मुकामी पुलिस और पुलिस अधीक्षक को देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय का सहारा लिया। इस संबंध में कोतवाल केके वर्मा का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर छह नामजद और एक अज्ञात के विरुद्ध मारपीट और जानलेवा हमला की प्राथमिकी दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

21 जून को जिलेभर में मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बलिया, 13 जून, (देवव्रत संवाद)। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने योग दिवस को जिलेभर में व्यापक स्तर पर मनाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों, विकास खंडों तथा तहसीलों में योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाए, जिसमें छात्र- छात्राओं के साथ उनके अभिभावक, शिक्षक एवं अन्य लोग भी शामिल हों। उन्होंने विद्यालयों में कार्यक्रम की तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए।

जिला विद्यालय निरीक्षक को भी सभी माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सहभागिता के साथ योग दिवस मनाने के निर्देश दिए गए। वहीं, नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में भी योग दिवस आयोजन सुनिश्चित करने के लिए अधिशासी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने आयुर्वेदिक अधिकारी को निर्देश दिया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा होर्डिंग्स भी लगाई जाएं। उन्होंने बताया कि योग दिवस का कार्यक्रम प्रातः 6:30 बजे से 08 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 21 जून को जिले के पुलिस लाइन परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोजन को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुहर्रम से पहले पीस कमेटी की बैठक, अधिकारियों ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की

मऊ 13 जून (देवव्रत संवाद)। मऊ में मुहर्रम पर्व से पहले शनिवार को कोतवाली नगर परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मौजूद रहे। बैठक में नगर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, ताजियादारों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।अधिकारियों ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। इस दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और साफ-सफाई जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

अधिकारियों ने बैठक में उपस्थित लोगों की समस्याओं और सुझावों को सुना। संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया।

अधिकारियों ने जोर दिया कि जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर ने सभी से प्रशासन का सहयोग करने और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सक्रिय भूमिका निभाने का अनुरोध किया।

मऊ में तेज आंधी के बाद बारिश

मऊ 13 जून (देवव्रत संवाद)। मऊ में शनिवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट बदली। सुबह से जारी तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बाद दोपहर में चली तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। इस बदलाव से तापमान में लगभग छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे जिले का मौसम सुहावना हो गया। जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर बाद आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित था, लेकिन वर्षा के बाद मौसम में ठंडक महसूस की गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले का न्यूनतम तापमान लगभग 26 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में करीब छह डिग्री की कमी आई है।

बांसडीह रोड पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा, बाइक बरामद

बलिया, 13 जून, (देवव्रत संवाद)। थाना बांसडीह रोड पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी चंदन कुमार साह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल वढ 60 इछ 7553 भी बरामद हुई है। 12 जून को वादी ने तहरीर दी कि 11 जून की शाम 7:30 बजे सुलतानपुर थाना मनियर से लौटते समय बांसडीह रोड तिराहे के पास कोल्ड स्टोर के समीप एक अज्ञात युवक उनकी नाबालिग बेटी को बाइक पर बैठाकर ले गया। पुलिस ने मु0अ0सं0 0115/2026 धारा 137(2), 87 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया। पुलिस ने खोजबीन के बाद अपहता को सकुशल बरामद किया। पीड़िता के बयान व मेडिकल के आधार पर धारा 65(2) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट बढ़ाई गई। आज सुबह 8:30 बजे उ0नि0 नवीन कुमार श्रीवास्तव, हे0का0 त्रिलोकी भारती व का0 संतोष यादव ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी चंदन कुमार साह, 29 वर्ष, निवासी गायघाट थाना रेवती को ढेलहवा बाबा से दुबहड़ मार्ग से गिरफ्तार किया। बाइक को 207 एमवी एक्ट में सीज कर आरोपी को न्यायालय भेजा गया। यह कार्रवाई एसपी ओमवीर सिंह के निर्देशन, एएसपी उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला के पर्यवेक्षण व सीओ बांसडीह जयशंकर मिश्रा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष वंशबहादुर सिंह की टीम ने की।

खेजुरी पुलिस ने मारपीट के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

बलिया, 13 जून, (देवव्रत संवाद)। थाना खेजुरी पुलिस ने दुकान पर गाली-गलौज, मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में वांछित आरोपी भरत पासवान को गिरफ्तार कर लिया। 11 जून को वादी ने तहरीर दी थी कि आरोपी दुकान पर आकर गाली-गलौज, मारपीट करने लगा और मड़ई तोड़ दी। विरोध पर वादी व उसकी बेटी को पीटा, जिससे दोनों के सिर व हाथ में चोट आई। इस पर मु0अ0सं0 40/26 धारा 118(2), 115(2), 352, 351(3), 324(4) बीएनएस के तहत केस दर्ज हुआ था। आज सुबह करीब 9:30 बजे उ0नि0 अभिषेक यादव, का0 धीरज लव कुमार व रि0का0 अमरजीत यादव ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी भरत पासवान, 40 वर्ष, निवासी करम्मर थाना खेजुरी को गांव से हिरासत में लिया। एसपी ओमवीर सिंह के निर्देश, एएसपी दिनेश कुमार शुक्ल के पर्यवेक्षण, सीओ सिकन्दरपुर रजनीश कुमार के निर्देशन व थानाध्यक्ष लालमनी सरोज के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया।

सिकंदरपुर में 20 जून से श्री राधे कृष्ण एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ, तैयारी पूरी

सिकन्दरपुर, बलिया, 13 जून, (देवव्रत संवाद)। सिकंदरपुर कस्बा क्षेत्र के रहिलापाली वार्ड नंबर 02 में 20 जून शनिवार से श्री राधे कृष्ण एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञाचार्य पं0 गोल्डेन मिश्र के वैदिक सानिध्य में 24 जून बुधवार तक चलने वाले इस पांच दिवसीय महायज्ञ में विविध अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिसमें 20 जून को कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा निकलेगी। 21 जून रविवार को जलाधिवास, 22 जून सोमवार को अन्नाधिवास व फलाधिवास, 23 जून मंगलवार को नगर भ्रमण व शय्याधिवास तथा 24 जून बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति एवं भव्य भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम के आयोजक डॉ0 देवेंद्र यादव ने बताया कि वैदिक ब्राह्मणों में आदि शक्ति तिवारी, आदित्य शक्ति तिवारी व आदित्य पांडेय व अन्य ब्राम्हण यज्ञ संपन्न कराएंगे। संचालन अनुप यादव व सुरेंद्र यादव कर रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर समस्त नगर व क्षेत्रवासियों में काफी सारा उत्साह है।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शहर कोतवाली में की जनसुनवाई

उत्तर प्रदेश पुलिस

मऊ 13 जून (देवव्रत संवाद)। थाना समाधान दिवस पर जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के क्रम मे शनिवार को जिलाधिकारी आनन्द वर्धन और पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने शहर कोतवाली मे जनसुनवाई की। साथ ही जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान द्वारा समस्त थानों पर क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनशिकायतों को सुना तथा इसके समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया । जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त 304 प्रार्थना पत्रों में से कुल 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारण कराया गया। तथा राजस्व विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व टीम को आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराकर निस्तारण किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

यातायात के नियमों का पालन न करने पर 353 वाहनों का चालान, 2 सीज

मऊ 13 जून (देवव्रत संवाद)। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में रविवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत 28 टीम गठित कर जनपद के 35 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग संदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया। जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 353 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 02 वाहन को सीज किया। साथ ही अन्य लोगों को हिदायत दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया ।पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील किया कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

मऊ में भेड़ पालन पर 90% तक अनुदान

मऊ 13 जून (देवव्रत संवाद)। उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद में भेड़ पालन योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को भेड़ पालन के लिए 90 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। जनपद में कुल 05 लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सी.पी. सिंह कुशवाहा ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक इकाई में 20 मादा और 01 नर भेड़ प्रदान की जाएगी। भेड़ों की खरीद केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, फरह, मथुरा द्वारा प्रमाणित ब्रीडिंग फार्मों से की जाएगी। इसमें जालौनी, गुजरीफरासी, नाली, बीकानेरी, मांगरा, राजूले-मेरीनो क्रॉस और मेरीनो-नाली क्रॉस जैसी उन्नत नस्लें शामिल होंगी। योजना की कुल लागत 1.70 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसमें राज्य सरकार द्वारा 1.53 लाख रुपये (90 प्रतिशत) का अनुदान दिया जाएगा, जबकि लाभार्थी को मात्र 17 हजार रुपये का अंशदान देना होगा। पात्रता मानदंडों के अनुसार, आवेदक को जनपद का स्थायी निवासी होना चाहिए और उसकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। आवेदक लघु, सीमांत या भूमिहीन कृषक होना चाहिए और उसके पास भेड़ों के रख-रखाव के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होना अनिवार्य है।

कारीगर ने दरवाजा लगाने के नाम पर 38 हजार हड़पा

मऊ 13 जून (देवव्रत संवाद)। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के भातकोल गांव निवासी एक कारीगर पर मकान में दरवाजा लगाने के नाम पर 38 हजार रुपये लेने और काम न करने का आरोप लगा है। मामले में कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित ने शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचकर दोबारा शिकायत दर्ज कराई और निष्पक्ष जांच की मांग की। पीड़ित भूपेंद्र पांडेय के अनुसार उन्होंने अपने नवनिर्मित मकान में दरवाजा लगवाने के लिए भातकोल गांव निवासी अशोक शर्मा को 38 हजार रुपये अग्रिम दिए थे। आरोप है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो दरवाजा लगाया गया और न ही काम शुरू किया गया।भूपेंद्र का कहना है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा।

दैनिक www.dainikdevvrat.in
देवव्रत
हिन्दी दैनिक, आजमगढ़
रविवार, 14 जून, 2026

आजमगढ़ की पहचान बदलने का काम कर रही डबल इंजन की सरकार

☐ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय परिसर में किया 955.4 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

आजमगढ़, 13 जून (देवव्रत संवाद)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्व विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिले की 955.40 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आजमगढ़ ऋषि–मुनियों की तपोभूमि, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कर्मभूमि और हस्तशिल्प, कृषि तथा संस्कृति की समृद्ध विरासत वाला जनपद है, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण इसकी पहचान प्रभावित हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले आजमगढ़ विकास के कई महत्वपूर्ण आयामों से वंचित था। न यहां विश्वविद्यालय था, न पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे, न एयरपोर्ट की बेहतर सुविधा और न ही स्थानीय कला एवं शिल्प को उचित मंच मिल पा रहा था। आज डबल इंजन सरकार के प्रयासों से आजमगढ़ की साड़ी, मुबारकपुर की ब्लैक पॉटरी, हरिहरपुर की संगीत परंपरा और किसानों–रीगरों को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा और एनडीए सरकार बनने के बाद स्थानीय उद्योगों और हस्तशिल्प को बढ़ावा मिला है, जिससे कारीगरों और व्यापारियों की आय में वृद्धि हुई है। सरकार बिना भेदभाव के गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। हर गरीब को आवास, शौचालय, बिजली और सुरक्षा उपलब्ध कराने का अभियान चलाया गया है। मुख्यमंत्री ने महाराजा सुहेलदेव के शौर्य का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को अपनी गौरवशाली विरासत और राष्ट्रनायकों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नया भारत गुलामी के प्रतीकों को स्वीकार नहीं करेगा और देश की सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन दलों ने वर्षों तक प्रदेश पर शासन किया, वे विकास, रोजगार और सुरक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित कार्य नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहे हैं तथा भारत आज विश्व मंच पर नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने जनता से विकास की गति को बनाए रखने के लिए डबल इंजन सरकार का साथ देने की अपील करते हुए कहा कि आजमगढ़ को शिक्षा, उद्योग, पर्यटन, संस्कृति और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपरांत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने ड्यूटीरत प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पुलिस कर्मियों के समर्पण भाव से किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संपूर्ण प्रशासनिक तैयारियां जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सुनिश्चित की गईं। इसके लिए उन्होंने पिछले 3–4 दिनों से लगातार कार्यक्रम स्थल सहित कलेक्ट्रेट सभागार एवं कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए तथा सभी अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए उनके कार्य दायित्वों का स्पष्ट निर्धारण किया। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण तत्परता, समर्पण भाव एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिस कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समन्वय के कारण यह वीवीआईपी कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। उन्होंने सभी को भविष्य में भी इसी प्रकार टीम भावना एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

सीएम योगी ने विवि परिसर में रोपा हरिशंकरी का पौधा

☐ लाभार्थियों को वितरित किए चेक व आयुष्मान कार्ड

आजमगढ़, 13 जून (देवव्रत संवाद)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्व विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हरिशंकरी का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली। प्रदर्शनी में आजमगढ़ विकास प्राधिकरण, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शिक्षा विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, महिला कल्याण, श्रम विभाग, कृषि विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित 11 विभागों द्वारा 20 स्टाल लगाए गए थे।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित "गो–धन संकल्प" पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि गोबर से वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ महिला सशक्तीकरण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है। इससे ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार और स्वावलंबन के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जिले के ओडीओपी उत्पाद ब्लैक पॉटरी और रेशमी साड़ी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती मिल रही है। प्रदर्शनी में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न नवाचार आधारित योजनाओं और उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। सुनीता देवी को आयुष्मान कार्ड, अदिति सिंह को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 7500 रुपये का चेक, मंजू द्विवेदी को 123 स्वयं सहायता समूहों के लिए 2.11 करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार रीना राजभर एवं सीमा को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 516 समूहों के लिए 7.74 करोड़ रुपये का चेक, ज्ञांती देवी को मुख्यमंत्री आवास योजना की चाबी, प्रद्युम्न सिंह को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 4.50 लाख रुपये तथा संदीप राजभर को 4.25 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं घनश्याम को कस्टम हायरिंग सेंटर योजना के तहत ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों की खरीद के लिए चाबी सौंपी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और आत्मनिर्भर तथा विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

हाईवे पर खड़े ट्रेलर से टकराई कार, चार की मौत

देवगांव के बरडीहा मोड़ के पास हुआ हादसा, झारखंड के थे मृतक



लालगंज, 13 जून (देवव्रत संवाद)। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के बरडीहा मोड़ के पास शनिवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा आजमगढ़–वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार आर्टिका कार सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से जा टकराई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग वाहन में ही फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद सभी घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल अजमल आलम को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग झारखंड के पलामू जिले के मेदिनीनगर (डाल्टनगंज) क्षेत्र के मोहनिया गांव के निवासी थे। वे अंबेडकरनगर स्थित किछौछा शरीफ से दर्शन कर वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान मो. कैश, शेहराबू राईन, हाजी अब्दुल रज्जाक व अरबाज खान के रूप में हुई है। जबकि अजम गंभीर रूप से घायल है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात को सामान्य कराया।

मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और विकास को समर्पित–अनिल राजभर

आजमगढ़, 13 जून (देवव्रत संवाद)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, विश्वास और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में देश की तस्वीर ही नहीं बल्कि तकदीर भी बदली है। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जनता ने नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताया, 2019 में और अधिक बहुमत दिया तथा 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर यह साबित कर दिया कि देश वादों से नहीं, बल्कि काम से प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने तीसरी बार शपथ लेने के बाद सबसे पहले पीएम किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर कर किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जबकि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। कोरोना काल से अब तक 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के तहत 11 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं। कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से 11 करोड़ किसानों के खातों में सीधे सहायता राशि भेजी गई है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत लाखों हेक्टेयर भूमि को सूक्ष्म सिंचाई से जोड़ा गया है, जिससे किसानों की आय और उत्पादन में वृद्धि हुई है। अनिल राजभर ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के बुनियादी ढांचे में भी ऐतिहासिक विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा चेनाब ब्रिज, अटल टनल और नया पंबन ब्रिज जैसी परियोजनाएं देश की नई पहचान बनी हैं। रेलवे के लगभग पूर्ण विद्युतीकरण के साथ वंदे भारत ट्रेनों और अमृत भारत स्टेशन योजना ने रेल यात्रा को आधुनिक बनाया है। वहीं मेट्रो नेटवर्क और हवाई अड्डों की संख्या में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान के तहत गांव–गांव तक इंटरनेट और बैंकिंग सेवाएं पहुंची हैं। भारतनेट परियोजना के माध्यम से लाखों ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड सुविधा से जोड़ा गया है। वहीं डीबीटी व्यवस्था के जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह, लालगंज विनोद राजभर, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव उपस्थित रहे।

कोटवा सब स्टेशन से जुड़े इलाकों में आज चार घंटे बिजली रहेगी बाधित

आजमगढ़, 13 जून (देवव्रत संवाद)। नगर से सटे कोटवा विद्युत उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में रविवार को चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी मेन सप्लाई लाइन पर अनुरक्षण कार्य कराए जाने के चलते यह व्यवस्था लागू की गई है। कोटवां विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि सिधारी हाइडिल से आने वाली 33 केवी मेन सप्लाई लाइन पर पेड़ों की डालियों, बांस एवं अन्य अवरोधों की कटाई–छंटाई का कार्य किया जाएगा। इसके कारण पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान 11 केवी पल्हनी फीडर, 11 केवी मझगांवा फीडर, 11 केवी सर्किट हाउस फीडर, कमिश्नर आवास तथा डीआईजी आवास फीडर से जुड़े क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार अनुरक्षण कार्य पूरा होने के बाद आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। विभाग का कहना है कि यह कार्य भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए आवश्यक कार्य पहले से निपटाने की सलाह दी है।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन

फूलपुर, 13 जून (देवव्रत संवाद)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक शनिवार को पवई में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकार हितों की रक्षा तथा ग्रामीण क्षेत्रों की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होता है। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को निष्पक्षता, निर्भीकता और जिम्मेदारी के साथ उजागर करना पत्रकारों का दायित्व है। उन्होंने संगठन के सदस्यों से एकजुट होकर पत्रकारों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं, संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के साथ ग्रामीण अंचलों की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला महामंत्री कृष्णमोहन उपाध्याय, तहसील अध्यक्ष शशिकांत पांडेय, उपाध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा, महामंत्री अवनीश कुमार सिंह, चंडी प्रसाद सिंह, श्याम सिंह, वीरेंद्र यादव, बब्लू शुक्ला सहित क्षेत्र के अनेक पत्रकार मौजूद रहे। बैठक के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने सभी उपस्थित पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

70 वर्षीय वृद्ध की हत्या का 48 घंटे में खुलासा, आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

आजमगढ़, 13 जून (देवव्रत संवाद)। कोतवाली थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में 70 वर्षीय भुआल चौहान की हत्या का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्याकांड में वांछित आरोपी अभय चौहान उर्फ मत्तू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू, अवैध तमंचा, कारतूस तथा घटना से जुड़े अन्य साक्ष्य बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 10–11 जून की रात भुआल चौहान अपने घर के बाहर पशुशाला के पास बने कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान आरोपी ने धारदार हथियार से उनका गला रेतकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद मृतक के पुत्र कर्मराज चौहान की तहरीर पर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में गठित टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी। शुक्रवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि हत्या में शामिल आरोपी अभय चौहान उर्फ मत्तू मोटरसाइकिल से बंशी बाजार–उकरौड़ा मार्ग होते हुए एक्सप्रेस–वे की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी भागने लगा। पीछा करने के दौरान उसकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण के लिए कहने पर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया कि करीब 15 वर्ष पूर्व उसकी मां के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर वह भुआल चौहान से रंजिश रखता था। उसी पुरानी दुश्मनी के चलते उसने सोते समय चाकू से गला रेतकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, दो चाकू, खून से सना गमछा और टी–शर्ट बरामद की है। आरोपी के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

SHG के नाम पर 7.69 लाख की धोखाधड़ी, दो पर मुकदमा दर्ज

अतरौलिया, 13 जून (देवव्रत संवाद)। अतरौलिया थाना क्षेत्र के रिठिया गांव में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से 7.69 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी और गबन का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित चांदनी आजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य होने के दौरान उन्हें बहला–फुसलाकर समूह से ऋण निकलवाया गया। शिकायत के अनुसार गांव निवासी अमरदीप प्रजापति और विनीता ने महिलाओं को भरोसा दिलाया था कि यदि ऋण लेने वाला व्यक्ति भुगतान नहीं करेगा तो वे स्वयं धनराशि लौटाने की जिम्मेदारी लेंगे। आरोप है कि इसी विश्वास में समूह की पांच महिलाओं ने अलग–अलग किश्तों में कुल 7.69 लाख रुपये निकालकर आरोपियों के परिचित व्यक्ति को दे दिए। शिकायत के मुताबिक महारानी ने 2.36 लाख रुपये, शकुंतला ने 1.23 लाख रुपये, गायत्री ने 1.31 लाख रुपये, गीता ने 1.79 लाख रुपये तथा संगीता ने एक लाख रुपये दिए थे। महिलाओं का आरोप है कि बाद में आरोपियों ने धनराशि वापस करने से इनकार कर दिया। पीड़ितों ने अपने आरोपों के समर्थन में रुपये दिए जाने की वीडियो रिकॉर्डिंग और मोबाइल रिकॉर्डिंग भी होने का दावा किया है। मामले की शिकायत 27 फरवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

16वीं पुण्यतिथि पर पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. गिरीश चंद्र श्रीवास्तव को दी गई श्रद्धांजलि

आजमगढ़, 13 जून (देवव्रत संवाद)। पूर्व पालिकाध्यक्ष, प्रख्यात समाजसेवी एवं विकास पुरुष स्वर्गीय गिरीश चंद्र श्रीवास्तव की 16वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं शुभचिंतकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व. गिरीश चंद्र श्रीवास्तव गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने अपने पालिकाध्यक्ष कार्यकाल में नगर पालिका परिषद आजमगढ़ को विकास और सुशासन की नई पहचान दिलाई। उनके नेतृत्व में नगर पालिका परिषद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया था। वक्ताओं ने नगर के सौंदर्यीकरण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उनके योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्व. श्रीवास्तव का संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए समर्पित रहा। उनकी सादगी, दूरदर्शिता और जनसेवा के प्रति समर्पण आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर मास्टर कलाम, आजाद जी (सनबीम), अमित श्रीवास्तव एडवोकेट, पालिकाध्यक्ष सरफराज आलम, सभासद आनंद देव उपाध्याय, महेंद्र यादव, विशाल श्रीवास्तव, राजू यादव, मिथुन निषाद, पुनीत राय, गौतम सेठ, शेखर चौधरी, संतोष सोनकर, पूर्व सभासद प्रेम यादव, सलीम भाई, पुरुषोत्तम सिंह, रईस अहमद, अर्जुन चौधरी, शुवल गौड़, रोहित कवि, शरद चंद्र तिवारी, सदरुद्दीन प्रधान, रामाश्रय प्रधान, मुख्तार अहमद, तारिक अहमद, दीपक सिंह, बबलू श्रीवास्तव, भोला तिवारी, नवीन श्रीवास्तव, राजू सिंह, महावीर श्रीवास्तव सहित चित्रांश महासभा के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व पालिकाध्यक्ष शीला श्रीवास्तव तथा उनके पुत्र प्रणीत श्रीवास्तव 'हनी' ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।